Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक sanjeevnitoday.com
# संजीवनी टुडे
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 70 जयपुर, बुधवार, 14 अगस्त 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: '1.50

अब होंगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

### राजस्थान मानसूनः जोधपुर, नागौर और चित्तौड़ में बारिश, सीकर में मकान गिरा

## सीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, 2 जिलों में कल स्कूलों की छुट्टी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। करौली में बाढ़ जैसे हालात के बीच मंगलवार सुबह भी बारिश हुई। कॉलोनी और सड़कों पर भरा पानी कम नहीं होने से लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जयपुर में कई दिनों बाद हल्की धूप खिली। बूंदी में इंद्राणी बांध ओवरफ्लो हो गया है। सीएम भजनलाल शर्मा ने आज करौली के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा किया। सीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली और आपदा प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए। नागौर में दोपहर बाद रिमझिम बारिश हुई।

जोधपुर में शाम 5:15 बजे मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। चित्तौड़गढ़ शहर में मंगलवार शाम करीब 5:15 बजे तेज बारिश शुरू हुई। सीकर के धोद रोड पर एक मकान गिर गया। भारी बारिश की वजह से जोधपुर और दौसा जिले के गवर्नमेंट व प्राइवेट स्कूलों में 14 अगस्त (बुधवार) की छुट्टी की घोषणा की गई है। नीमकाथाना जिले के पाटन थाना क्षेत्र में शाम 5 बजे खदान में भरे बारिश के पानी में डूबने से दो भाइयों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण राजस्थान में 3 दिन में 28 मौत हो चुकी हैं। भाजपा नेता और विधायक डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने मंगलवार को बारिश के बाद बिगड़े हालात का जायजा लिया। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में भारी बारिश अगले दो दिन जारी रहेगी।



### जयपुर में जलमहल की मछलियां सड़क पर आईं

जयपुर में रविवार और सोमवार को हुई भारी बारिश के बाद हालात काफी खराब हैं। शहर में जगह-जगह सड़कें टूट गईं। अभी भी कुछ इलाकों में पानी भरा हुआ है। जलमहल की मछलियां नालों के जरिए मानबाग चौराहे की सड़क पर आ गईं। जिन्हें बच्चे पकड़ते नजर आए। जयसिंहपुरा खोर, घड़ली की डूंगरी, सुपर बाजार में कॉलोनी के बाहर नाले पर बनी पुलिया टूट गई। सीकर के धोद रोड पर एक पुराना मकान बारिश के बीच भरभराकर गिर गया। मकान में रहने वाले आनंद शर्मा सकुशल बाहर निकल आए। चित्तौड़गढ़ शहर में मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहे। शाम को तेज बारिश हुई। जोधपुर में मंगलवार शाम तेज बारिश हुई। बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया।

### जोधपुर में सड़कें लबालब, वाहन फंसे

जोधपुर में मंगलवार शाम करीब 5:15 बजे से बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण एमडीएम हॉस्पिटल रोड समेत शहर की अन्य सड़कों पर पानी भर गया है। कई वाहन पानी में फंस गए।

### हिंडौन में किरोड़ी लाल ने ट्रैक्टर से किया निरीक्षण

करौली में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। कॉलोनी-मोहल्लों के रास्तों और घरों में जल भराव से लोगों को परेशानी हो रही है। लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। मंगलवार को भी करौली में बारिश हुई। सवाई माधोपुर विधायक किरोड़ीलाल मीणा ने मंगलवार को ट्रैक्टर से करौली के हिंडौन सिटी में बारिश से बिगड़े हालात का जायजा लिया। टोंक जिले की डील नदी का जलस्तर बढ़ने से करीब एक दर्जन गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। ग्रामीण खतरा लेकर नदी पर बनी पुलिया पार करने को मजबूर हैं। नीमकाथाना जिले के पाटन थाना क्षेत्र की डाबला पंचायत में शाम 5 बजे खदान में भरे बारिश के पानी में नहाने गए दो युवकों की डूबकर मौत हो गई। हरियाणा के मौखुता गांव निवासी पांच दोस्त खदान में नहा रहे थे। इनमें दो सगे भाई लोकेश और रवि खदान की गहराई में चले गए। दोनों डूब गए।

### आसाराम को इलाज के लिए 7 दिन की पैरोल मिली

## 4 दिन से एम्स में भर्ती, रेप केस में जोधपुर जेल में उम्रकैद काट रहा

■ संजीवनी टुडे

जोधपुर। रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को जोधपुर हाईकोर्ट ने इलाज के लिए मंगलवार, 13 अगस्त को 7 दिन की पैरोल दे दी। आसाराम पिछले 4 दिन से जोधपुर एम्स में भर्ती है। उसे आयुर्वेदिक इलाज के लिए पुणे के माधोबाग आयुर्वेदिक हॉस्पिटल ले जाया जाएगा। आसाराम 11 साल बाद जेल से बाहर आएगा। इससे पहले उसने कई बार पैरोल और जमानत के लिए एप्लिकेशन लगाई, लेकिन हर बार खारिज हो गई। इससे पहले आसाराम को जोधपुर स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज के लिए पुलिस कस्टडी में अनुमति दी गई थी। यहां आसाराम ने पुणे के डॉक्टर्स की देखरेख में इलाज करवाया था। इसके बाद वापस तबीयत बिगड़ने पर इसे जोधपुर एम्स में भर्ती किया गया। आसाराम को 25 अप्रैल 2018 को जोधपुर की विशेष घ्पएट्ट अदालत ने नाबालिग के साथ रेप का दोषी ठहराया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। आसाराम 2 सितंबर 2013 से जेल में है। दो साल पहले गुजरात की एक अदालत ने आसाराम को 2013 में अपने सूरत आश्रम में एक महिला अनुयायी के साथ कई मौकों पर बलात्कार करने के लिए दोषी ठहराया था। आसाराम को जोधपुर



पुलिस ने इंदौर के आश्रम से साल 2013 में गिरफ्तार किया था। इसके बाद से आसाराम जेल में बंद था। पांच साल तक लंबी सुनवाई के बाद 25 अप्रैल 2018 को कोर्ट ने आसाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आसाराम के खिलाफ गुजरात के गांधीनगर में आश्रम की एक महिला ने रेप का मामला दर्ज करवाया था। कोर्ट ने 31 जनवरी 2023 को इस मामले में आसाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आसाराम को जोधपुर सेंट्रल जेल भेजे जाने से पहले मेडिकल चेकअप करवाया गया था तब वह स्वस्थ था। उसे कोई भी बीमारी नहीं थी। जेल में जाने के एक महीने बाद ही आसाराम ने पहली बार अपनी त्रिनाड़ी शूल बीमारी का जिक्र किया था।

### खड़गे ने प्रदेश प्रभारियों और अध्यक्षों के साथ बैठक की

## राहुल और जयराम शामिल हुए; पार्टी अग्निवीर और एमएसपी पर देशभर में आंदोलन करेगी

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को सभी महासचिवों, राज्य इकाई प्रमुखों और पार्टी के राज्य प्रभारियों के साथ बैठक की। विपक्ष के नेता राहुल गांधी, महासचिव जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल इस बैठक में शामिल हुए। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के अलावा जम्मू-कश्मीर में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग, टिकट बंटवारा समेत कैंपेन को लेकर चर्चा की गई। खड़गे ने बैठक के बाद बताया कि पार्टी बेरोजगारी, अग्निवीर, अनियंत्रित मुद्रास्फीति, किसान और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों को लेकर देशभर में कैंपेन शुरू करेगी। खड़गे ने कहा कि सेबी और अडानी के बीच ''सांठगांठ के चौंकाने वाले खुलासे'' की जांच की जरूरत है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा- शेयर बाजार में छोटे निवेशकों के पैसे को खतरे में नहीं डाला जा सकता। मोदी सरकार को तुरंत सेबी अध्यक्ष का इस्तीफा मांगना चाहिए और जांच के लिए जेपीसी का गठन करना चाहिए। उन्होंने कहा- बेरोजगारी और अनियंत्रित मुद्रास्फीति और घरेलू बचत में कमी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर हमारी नजर है। गरीब और मध्यम वर्ग के साथ विश्वासघात किया गया है। उन्होंने रेलवे सुरक्षा



के मुद्दे पर कहा- ट्रेन का पटरी से उतरना आम बात हो गई है। जलवायु संबंधी आपदाएं और ढहता बुनियादी ढांचा भी चिंता का विषय है। इस महीने की शुरुआत में पार्टी ने चार चुनावी राज्यों के लिए स्क्रिनिंग कमेटी के अध्यक्षों की घोषणा की थी। ये कमेटी राज्यों में उम्मीदवारों पर फैसला लेगी। अजय माकन को हरियाणा, गिरीश चोडानकर को झारखंड, मधुसूदन मिस्त्री को महाराष्ट्र और सुखजिंदर सिंह रंधावा को जम्मू-कश्मीर की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी नेताओं से कहा कि कुछ ही महीनों में 4 राज्यों- महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। माहौल हमारे पक्ष में है।

### जाति जनगणना लोगों की मांग, अग्निपथ योजना खत्म हो

उन्होंने दावा किया कि मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में संविधान पर हमला जारी है। जाति जनगणना लोगों की मांग है। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (ख्रट्टघ्) के लिए कानूनी गारंटी की मांग के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना को खत्म किया जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव में मिले जनता के समर्थन और भावनाओं को हमें बरकरार रखना है।

### अजित बोले- पत्नी को बहन के खिलाफ चुनाव लड़ाना गलती

## राजनीति को घर में नहीं लाना चाहिए, शरद पवार हमारे परिवार के मुखिया

■ संजीवनी टुडे

मुंबई। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद और इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार के सुर बदले नजर आ रहे हैं। पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पत्नी सुनेत्रा पवार को चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ाना गलती थी। पवार ने 13 अगस्त को एक मराठी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा- मैं अपनी सभी बहनों से प्यार करता हूं। राजनीति को घर में घुसने नहीं देना चाहिए। बहन के खिलाफ सुनेत्रा को चुनाव लड़ाने का फैसला पार्टी संसदीय बोर्ड का था। अब मुझे लगता है कि यह गलत फैसला था। रक्षाबंधन पर बहनों से राखी बंधवाने के सवाल पर अजित पवार ने कहा- अगर हम एक जगह पर रहे तो बहनों से मिलने जरूर जाऊंगा। वहीं अजित पवार के बयान पर बारामती सांसद और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले कहा- मुझे नहीं पता उन्होंने क्या कहा। अजित पवार ने बहन सुप्रिया सुले के अलावा चाचा शरद पवार की भी चर्चा की। अजित पवार ने कहा- शरद पवार सीनियर लीडर हैं।



### सुनील तटकरे बोले- उन्होंने अपनी भावना व्यक्त कीं

अजित के सुप्रिया सुले पर दिए बयान पर गएध्(अजित) के महाराष्ट्र अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा- अजित दादा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उन्होंने जो कहा वो ऑफिशियल है। उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की हैं। दादा इस ग्रेट। उन्होंने जो कहा है एक इंटरव्यू में कहा है, इस पर विस्तार से वही बात करेंगे। अजित दादा पवार के नेतृत्व में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने एनडीए में शामिल होने निर्णय लिया है वो सोच विचार कर लिया गया फैसला है।और हमारे परिवार के मुखिया हैं। मैं उनकी किसी भी आलोचना का जवाब नहीं दूंगा। महायुति के सहयोगियों को भी समझना चाहिए कि वे चाचा शरद पवार पर क्या बोल रहे हैं। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने 17 जुलाई को दावा किया था कि भाजपा अजित पवार गुट से महाराष्ट्र में 'महायुति' गठबंधन छोड़ने को कह रही है। आरएसएस से जुड़ी एक मराठी साप्ताहिक मैगजीन में छपी रिपोर्ट के हवाले से ये बयान दिया था। क्रैस्टो ने कहा था कि भाजपा को एहसास हो गया है कि अजित पवार के साथ गठबंधन में पार्टी चुनाव नहीं जीत सकती है। साप्ताहिक मैग्जीन 'विवेक' की रिपोर्ट में कहा गया कि 2023 में गएध् के साथ गठबंधन के बाद से ही जनता की भावनाएं भाजपा के खिलाफ तेजी से बढ़ी।

## विनेश के सिल्वर मेडल पर फैसला फिर टला: सीएएस ने 16 अगस्त की तारीख दी

■ संजीवनी टुडे

### 100 ग्राम ओवरवेट के कारण पेरिस ओलिंपिक से अयोग्य हुई थीं

नई दिल्ली। भारतीय रेसलर विनेश फोगाट के सिल्वर मेडल पर फैसला एक बार फिर टाल दिया गया है। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स ने मंगलवार, 13 अगस्त को नई तारीख दी। कहा- फैसला अब 16 अगस्त को रात 9:30 बजे सुनाया जाएगा। इससे पहले 10 अगस्त को सीएएस ने फैसला टाल दिया था। कोर्ट ने 9 अगस्त को 3 घंटे तक इस मामले की सुनवाई की थी। इस दौरान विनेश भी वर्चुअली मौजूद रहीं। भारतीय ओलिंपिक संघ की ओर से सीनियर वकील हरीश साल्वे ने विनेश का पक्ष रखा। फाइनल मैच से पहले विनेश को 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के चलते अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जबकि शुरुआती दौर से पहले किए गए वजन में विनेश 50 किलो वेट कैटेगरी की तय सीमा से कम थीं। ऐसे में विनेश ने जॉइंट सिल्वर मेडल की मांग की। 100 ग्राम वजन बहुत कम है। यह एथलीट के वजन के 0.1% से 0.2% से ज्यादा नहीं है। यह गर्मी के मौसम में इंसान के शरीर के फूलने से भी आसानी से बढ़ सकता है। यह इंसान की जीवित रहने की जरूरत की वजह से शरीर में ज्यादा पानी जमा होता है। विनेश को एक ही दिन में 3 कॉम्पिटिशन लड़ने पड़े। इस दौरान एनर्जी को मेंटेन करने के लिए भी उन्हें खाना पड़ा। ऐसे में उनका वजन 52.7 किलो पहुंच चुका था। खेल गांव और ओलिंपिक गेम्स के एरीना के बीच की दूरी और पहले दिन लगातार मुकाबलों के कारण विनेश को वजन घटाने का पर्याप्त टाइम नहीं मिला। पीटी उषा- वजन का मैनेजमेंट करना खलाड़ी और कोच की जिम्मेदारी इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा- 'वजन का मैनेजमेंट करना खिलाड़ी और कोच की जिम्मेदारी है। खासकर कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, बॉक्सिंग और जूडो जैसे खेलों में। इनमें एथलीटों के वजन मैनेजमेंट की जिम्मेदारी प्रत्येक एथलीट और उसके कोच की है।

### लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम गौरव का पहला सफल फ्लाइट टेस्ट


## 1000 किलो वजन वाला ग्लाइड बम लंबी दूरी के टारगेट को हिट करने में सक्षम

■ संजीवनी टुडे

भुवनेश्वर। भारत ने मंगलवार को ओडिशा के तट से लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम (ख्रटक्क्ठ) का पहला सफल परीक्षण किया। इस बम को वायु सेना के सुखोई ख्रख-क्र फाइटर जेट से लॉन्च किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि फलाइट टेस्ट के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर आइलैंड पर बनाए गए टारगेट को सटीकता से हिट किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि गौरव हवा में लॉन्च किया जाने वाला 1000 खद्द का ग्लाइड बम है, जो लंबी दूरी के टारगेट को हिट करने में सक्षम है। लॉन्च किए जाने के बाद यह ग्लाइड बम बेहद सटीक हाइब्रिड नैविगेशन स्कीम की मदद से टारगेट की तरफ बढ़ता है। इसे हैदराबाद के रिसर्च सेंटर इमारत में डिजाइन किया गया और बनाया गया। इन्हें झुंड में यानी कई ड्रोन एक साथ भेजे जा सकते हैं। इससे यह दुश्मन के रडार और डिफेंस से बचकर टारगेट पर हमला कर सकता है। ड्रोन लंबे समय तक टारगेट के इलाके में उड़ सकते हैं। इनमें विस्फोटक लगा होता है। दूर बैठा कोई भी व्यक्ति इन्हें कंट्रोल कर सकता है।

### रक्षा मंत्री बोले- इस बम से सेना की ताकत बढ़ेगी

इस परीक्षण के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने क्ष्ठक्र, भारतीय वायु सेना और इंडस्ट्री की सराहना की। उन्होंने इस सफल परीक्षण को स्वदेशी डिफेंस टेक्नोलजी बनाने की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे आर्म्ड फोर्सेस की क्षमता बढ़ेगी। मंत्रालय ने कहा कि टेस्ट लॉन्च का पूरा फ्लाइट डेटा टेलिमेट्री एंड इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम ने कैप्चर किया। इस सिस्टम को इंटीग्रेटिड टेस्ट रेंज ने पूरे तट



पर डिप्लॉय किया है। फ्लाइट को क्ष्ठक्र के साइंटिस्ट ने मॉनिटर किया। मंत्रालय ने कहा कि इस ग्लाइड बम को डेवलप करने और बनाने के पाटनर्स अडाणी डिफेंस और भारत फोर्ज भी टेस्ट फ्लाइट के दौरान मौजूद रहे। सेक्रेटरी डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस टाकऔर क्ष्ठक्र के चेयरमैन समीर वी कमात ने क्ष्ठक्र की पूरी टीम को इस सफल परीक्षण पर बधाई दी। भारत स्वदेशी कामिकेज ड्रोन बना रहा है। यह ड्रोन 1,000 किलोमीटर तक उड़ान भर सकेगा। इसमें घरेलू इंजन लगाया जा रहा है। ये मानव रहित ड्रोन टारगेट पर जाकर नष्ट हो जाते हैं। नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज ये ड्रोन बना रही है। इस तरह के ड्रोन रूस-यूक्रेन और गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष में इस्तेमाल हो रहे हैं। यूक्रेन ने इनका उपयोग रूस की पैदल सेना और बख्तरबंद वाहनों को टारगेट करने के लिए बड़े पैमाने पर किया है।

### शेख हसीना बोलीं- मुझे देशवासियों से इंसाफ चाहिए

## बांग्लादेश छोड़ने के बाद पहला बयान, कहा- मेरे पिता का अपमान किया

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को देश छोड़ने के बाद पहली बार बयान जारी किया। उन्होंने कहा, 'जिन बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में देश ने आजादी हासिल की थी, उनका अपमान किया गया है। 'उन्होंने (प्रदर्शनकारियों) मेरे पिता का अपमान किया है, मैं देश वासियों से न्याय की मांग करती हूं।' शेख हसीना 5 अगस्त को देश छोड़ कर भारत आई थीं, तब से वे यहां हैं। शेख हसीना का यह बयान बेटे सजीब वाजेद के हवाले से सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। शेख हसीना ने बांग्लादेशी नागरिकों से 15 अगस्त अपने पिता शेख मुजीबुर्रहमान की बर्षी पर शोक मानने का आग्रह किया। 15 अगस्त 1975 को मुजीबुर्रहमान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दूसरी तरफ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 15 अगस्त की छुट्टी को कैंसिल कर दी है। हसीना ने बयान में कहा कि ''जुलाई से अब तक, आंदोलन के नाम पर बर्बरता, आगजनी और हिंसा में कई जाने गई हैं। मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं और उनके प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जो मेरी तरह अपने प्रियजनों को खोने के दर्द के साथ जी रहे हैं। प्रदर्शनों में कई छात्रों, शिक्षकों, पुलिसकर्मियों, पत्रकारों, अवामी लीग के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौत हो गई थी। हसीना ने कहा कि ''मैं मांग करती हूं कि इन हत्याओं और बर्बरता में शामिल लोगों को सख्त सजा दी जाए। पहले भी हसीना के बयान को लेकर एक दावा किया गया था। इस दावे के मुताबिक हसीना ने कहा था कि अमेरिका को सेंट मार्टिन आइलैंड न देने की वजह से उनकी सरकार गिराई गई है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, हसीना ने अपने करीबी सहयोगियों से कहा, ''मैं कट्टरपंथियों की हिंसा में मरने वालों की संख्या को बढ़ने नहीं देना चाहती थी।

### जम्मू-कश्मीर में 20 अगस्त तक चुनाव का ऐलान संभव

## अक्टूबर-नवंबर में 6 फ़ेज में वोटिंग हो सकती है, चुनाव आयोग कल गृह मंत्रालय से मिलेगा

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 20 अगस्त तक हो सकता है। माना जा रहा है कि अक्टूबर से लेकर नवंबर के पहले हफ्ते के बीच 6 फ़ेज में वोटिंग होगी। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद ये पहला विधानसभा चुनाव होगा। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए चुनाव आयोग 14 अगस्त को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के साथ बैठक करेगा। 9 अगस्त को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपनी टीम के साथ जम्मू-कश्मीर का दौरा किया था। उन्होंने कहा था कि आयोग यहां जल्द से जल्द चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कोई भी बाहरी और आंतरिक ताकत चुनावी प्रक्रिया को पटरी से नहीं उतार सकती। जम्मू-कश्मीर के लोग देश को तोड़ने वालीं ताकतों को करारा जवाब देंगे। जम्मू-कश्मीर के अलावा इस साल महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव होने है। ऐसे में संभव है कि चुनाव आयोग इन राज्यों के लिए भी चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया था जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का निर्देश



11 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट का ये निर्देश जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्ज़ा खत्म करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसले का हिस्सा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्ज़ा जितना जल्दी हो सके दिया जाए और वहां पर चुनाव कराए जाएं। जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द स्टेटहुड वापस किया जाए। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। जम्मू-कश्मीर के ख्रक्क मनोज सिन्हा ने 11 अगस्त को कहा था- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा था कि पहले परिसीमन होगा, फिर विधानसभा चुनाव और फिर उचित समय पर राज्य का दर्ज़ा मिलेगा। सारी चीजें उसी क्रम में चल रही हैं। उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी 20 जून को श्रीनगर आए थे। तब उन्होंने जल्द चुनाव होने की घोषणा की थी।

## खबरें फटाफट

### राजकीय महाविद्यालय में तिरंगा रैली का हुआ आयोजन



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के.एल.मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मीना ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय स्वाभिमान और गौरव की भावना जागृत करता है। आजादी के अमृत महोत्सव से शुरू किया गया अभियान एक आन्दोलन बन गया है। इस अभियान के तहत घर पर ध्वज फहराना ना केवल तिरंगे से व्यक्तिगत जुड़ाव का अहसास करता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में हम सभी नागरिकों की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कपिल देव कुण्डारा, संजय बमणावत, आयुषी गुप्ता, जितेंद्र यादव के साथ सभी संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहें।

### राजकीय विद्यालय राजगढ़ के प्राचार्य के एल मीणा ने हर घर तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़। मंगलवार राजकीय महाविद्यालय राजगढ़, (अलवर) में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में आज स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान'' के तहत तिरंगा रैली को प्राचार्य प्रो. के.एल. मीना ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मीना ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय स्वभिमान और गौरव की भावना जागृत करता है। आजादी वो अमृत महोत्सब से शुरू किया गया यह अभियान अब एक जन आन्दोलन बन गया है। इस अभियान के तहत घर पर ध्वज फहराना ना केवल तिरंगे से व्यक्तिगत्त जुडाव् का अहसास कराता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में हम सभी नागरिकों की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकम अधिकारी प्रो. कपिलदेव कुण्डारा, संजय बमणावत, आयुषी गुप्ता, जितेन्द्र यादव के साथ सभी संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### पीएम श्री विद्यालय सकट भवन के हालात खराब छत से टपकता है पानी



■ संजीवनी टुडे

सकट। मंगलवार राजगढ़ उपखंड के सकट ग्राम में स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बारिश के कारण सारे कमरों की छत टपक रही है विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में सारे कमरों की छत टपक रहीहै । जिससे कंप्यूटर लैब, रसायन विज्ञान एवं प्रयोगशाला सारे कमरों की छत टपक रही है। जिससे कमरों में पानी भर गया एवं कंप्यूटर लैब में भी पानी भर गया है उन्होंने उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि विद्यालय के भवन की स्थिति सुधरवाई जाए जिससे बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े।

### राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल में रिक्त रही सीटों हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल, जयपुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 मे स्नातक प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर हेतु आवंटित सीटों में से रिक्त रही सीटों के लिए पुनः आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। प्राचार्य डॉ. खामोश मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में, ओ.बी.सी, ई.डब्ल्यू.एस, एस.सी, एस.टी, व एम.बी.सी के रिक्त रही सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी ई-मित्र पर अपना आवेदन अंतिम तिथि 16 अगस्त, 2024 तक कर सकते है।

# जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा स्वाधीनता दिवस समारोह

## जिला कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक ली, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

■ संजीवनी टुडे



सलूंबर। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट कक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह (2024) की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह से पूर्व जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, जिला कलेक्टर आवास तथा कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया जायेगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान, परेड का निरीक्षण,मार्च पॉस्ट,सलामी,राज्यपाल के संदेश का पठन, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन,सामूहिक नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के बारे में संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिला कलेक्टर ने समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, बेरीकेडिंग, लाईट, साउंड व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संबंधित विभागों के दायित्व की जानकारी देते हुए बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर सभी राजकीय कार्यालयों एवं जिला कलक्टर निवास पर प्रातः 8 बजे एवं जिला कलेक्ट्रेट परिसर पर 8.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी क्रम में मुख्य समारोह स्थल पर प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद को निर्देश दिये कि शहर के सार्वजनिक स्थानों, चौराहों पर लाइटिंग, साफ-सफाई, जिला परिवहन अधिकारी को व्यायाम प्रदर्शन में शामिल होने वाले बच्चों को मुख्य समारोह में लाने एवं ले जाने के लिए पर्याप्त संख्या में बसों की व्यवस्था रखने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि मुख्य समारोह के दौरान देशभक्ति और सांस्कृतिक एकता से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाये। जिला कलेक्टर ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में सभी विभाग आपसी समन्वय रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरदाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, एसीईओ दिनेश पाटीदार, आयुक्त गणपत लाल खटीक, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा,सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, आरटीओ सुरेन्द्र सिंह गुलिया, डीईओ पीयूष कुमार जैन, डीएसओ विमल परमार, पीआरओ पुष्पक मीणा, एसई पीएचईडी विवेक चौहान, एसई पीडब्ल्यूडी आर एन मीणा, समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# एसीएस अर्पणा अरोड़ा पहुंची चाकसू: क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के बाद बने हालातो का लिया जायजा



■ संजीवनी टुडे

चाकसू। यहां प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बिगड़े हालात और आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाओं की जानकारी को लेकर प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि लगातार दौरे कर रहे है। वहीं इसी को लेकर एएससी अपर्णा अरोड़ा चाकसू क्षेत्र के दौरे पर रही और उन्होंने चाकसू कस्बे में पहुंचकर अधिकारियो से वार्ता की गई और उन्होंने क्षेत्र में बारिश के बाद बिगड़े हालातों का जायजा लिया एसीएस अरोड़ा ने क्षेत्र के तालाब, बांध और जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियो से आपदा प्रबंधन को लेकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसीएस ने चाकसू के बाईपास स्थित विद्युत निगम के 220 केवी जीएसएस का निरीक्षण भी किया? और इस दौरान विधायक रामावतार बैरवा, एडीएम सुरेश कुमार नवल, चाकसू उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा समेत कई अधिकारी और भी साथ में मौजूद रहे हैं ।

## केमिकल फैक्ट्री के कर्मचारी को पिटवाया, 3 गिरफ्तार-एक फरार

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। हिरणमगरी थाना पुलिस ने केमिकल फैक्ट्री के कर्मचारी का अपहरण और मारपीट करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। किशनगढ़ का केमिकल फैक्ट्री मालिक खुद वहीं के आरोपी राजू गुर्जर, भैरूलाल गुर्जर और नारायणलाल मीणा के साथ केमिकल का फॉर्मूला लेने के लिए यहां आया था। चारों ने कर्मचारी से मारपीट की। फिर भी उसने फॉर्मूला नहीं बताया। इसके बाद आरोपी उन्हें फेंककर चले गए। थानाधिकारी दर्शन सिंह ने बताया कि उदयपार्क, सेक्टर-4 निवासी मनीष पब्बुन ने रिपोर्ट दी कि वह कलड़वास में सम्राट केमिकल फैक्ट्री मेन्युफैक्चरिंग यूनिट के सुपरवाइजर के रूप में काम करते हैं। गत 3 अगस्त की रात 8 बजे घर जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक के आगे एक कार आकर रुकी। दो बदमाशों ने उन्हें कार में जबर्दस्ती बैठा लिया। दो बदमाश पहले से अंदर बैठे थे। आरोपियों ने मारपीट की और मार्बल की पॉलिश में काम आने वाले केमिकल को बनाने का फार्मूला पूछा। लेकिन उन्होंने जानकारी देने इनकार कर दिया। इस पर आरोपियों ने हत्या की धमकी दी और कार से बाहर फेंककर फरार हो गए। पुलिस मुख्य आरोपी फैक्ट्री मालिक की तलाश कर रही है।

# अब शहरी और ग्रामीण युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सशक्त बनाएगा इंडिया खेलो फुटबॉल प्लेटफॉर्म




■ संजीवनी टुडे

जयपुर। अब राजस्थान के कोने-कोने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी युवा प्रतिभाओं की खोज और उन्हें तराश कर राजस्थान में फुटबॉल को सशक्त बनाना संभव होगा। एक नए प्लेटफॉर्म इंडिया खेलो फुटबॉल (आईकेएफ) के लिए आर्थिक मजबूती के मद्देनजर स्पोर्ट्स कोचिंग और मैनेजमेंट फर्म स्पॉट ऑन स्पोर्ट्स ने टाइगर कैपिटल के साथ साझेदारी की है। स्पॉट ऑन स्पोर्ट्स के सीईओ रोहित मिश्रा ने बताया कि इस साझेदारी से राजस्थान के छिपे हुए फुटबॉल रत्नों को प्लेटफॉर्म मिल सकेगी। इतना ही नहीं यह साझेदारी टाइगर आईकेएफ ट्रायल्स लॉन्च करेगी, जो राजस्थान के प्रमुख शहरों जयपुर, उदयपुर, अजमेर, जोधपुर, कोटा, सीकर, बीकानेर और श्रीगंगानगर के साथ-साथ अर्धशहरी शहरों दूदू, बांसवाड़ा, टोंक, पाली, नागौर, बूंदी, नोखा, झुंझुनूं और हनुमानगढ़ में फैले फुटबॉल ट्रायल्स की एक विस्तृत शृंखला है। इससे शहरी व ग्रामीण सभी युवा प्रतिभावान फुटबॉलरों को सशक्त बनाने का समान मौका मिलेगा।

# मेवाड़ को छोड़कर पूरे प्रदेश में मानसून मेहरबान: इंतजार बारिश का था

■ संजीवनी टुडे

### बरस गई धूप, पारा 30 डिग्री पार



उदयपुर। मेवाड़ को छोड़कर पूरे प्रदेश में मानसून मेहरबान है। कई दिन से जारी इंतजार के बीच शहर में बारिश तो मंगलवार को भी नहीं हुई, लेकिन कई दिन से बादलों के बीच छिपा सूरज जरूर प्रकट हो गया। इस कारण बूंदों की जगह धूप बरसी। तापमान 3 डिग्री बढ़ा और 27.5 डिग्री से सीधे 30.5 पर जा पहुंचा। न्यूनतम तापमान भी बढ़ोतरी पर रहा। यह 0.1 डिग्री बढ़कर 21.5 दर्ज हुआ। शहर में बारिश नहीं होने के बावजूद करीब एक सप्ताह से सुबह से लेकर शाम तक बादल छा रहे थे, इसलिए कई दिन से सूरज के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। उदयपुर में अब तक सिर्फ 338.38 एमएम ही हुई है, जबकि 13 अगस्त तक औसतन 408.17 एमएम बारिश हो जानी चाहिए थी। पूरे मानसून सीजन की बात करें तो यहां 640 मिमी बारिश होती है। बारिश नहीं होने से जलाशयों में आवक न के बराबर हुई है। शहर की पिछोला और फतहसागर झील के स्तर में पिछले 24 घंटे में कोई बदलाव नहीं आया है। फतहसागर में 13 फीट के मुकाबले 5.10 और पिछोला में 11 फीट के मुकाबले 5.4 फीट पानी है। संभाग में सलूंबर और उदयपुर जिले में बारिश का आंकड़ा माइनस में चल रहा है। दोनों जिलों में औसत से 18% तक कम बारिश है। राजसमंद में औसत से 22.04 और चित्तौड़गढ़ में 3.07% ज्यादा बारिश हुई है। बांसवाड़ा संभाग के बांसवाड़ा जिले में 2028 डंगरपुर में 2368 संभाग में सलूंबर और उदयपुर जिले में बारिश का आंकड़ा माइनस में चल रहा है। दोनों जिलों में औसत से 18% तक कम बारिश है। राजसमंद में औसत से 22.04 और चित्तौड़गढ़ में 3.07% ज्यादा बारिश हुई है। बांसवाड़ा संभाग के बांसवाड़ा जिले में 20.28, डूंगरपुर में 23.68, प्रतापगढ़ में 20.34 प्रतिशत बारिश औसत से कम है।

# पार्टी कर रहे मेडिकल छात्रों को बार के स्टाफ ने पीटा

## हथियार बेचने के लिए घूम रहे थे 3 बदमाश, पकड़े गए

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। सुखेर थाना क्षेत्र के शोभागपुरा में ट्विस्ट बार में पार्टी कर रहे मेडिकल छात्रों से स्टाफ ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार झुंझुनूं निवासी संजय चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बताया कि वह आरएनटी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस थर्ड इयर के छात्र हैं। गत 11 अगस्त की रात को वह साथी मिथलेश सारण, रोहित मंडा और जितेंद्र कुमार के साथ शोभागपुरा स्थित ट्विस्ट बार में पार्टी करने गए थे। सभी डांस कर रहे थे। तभी बार स्टाफ ने उन्हें बाहर निकाला और गाली-गलौज कर बेल्ट से मारपीट की। मिथलेश के सिर में बीयर की बोतल मार दी। अन्य दोस्तों पर लोहे की रोड से हमला किया। सूचना पर सीनियर मनीष शर्मा, अनिल देवा और विजय शर्मा ने आकर बीच बचाव किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

सवीना थाना पुलिस ने निंबाहेड़ा के तीन बदमाशों को दो देसी पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। तीनों दोस्त हैं और उदयपुर में हथियार बेचने के फिराक में घूम रहे थे। थानाधिकारी अजय सिंह ने बताया कि 12 अगस्त को जाब्ता गश्त करते हुए धोल की पाटी से जयसमंद रोड पर पहुंचा। जहां एनएच-48 पर दो संदिग्ध युवकों निंबाहेड़ा, चित्तौड़ निवासी अरशद हुसैन उर्फ आसू और फिरोज खान को पकड़ा। तलाशी में अरशद से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और फिरोज से 5 जिंदा कारतूस मिले। इसके बाद एसआई रामावतार मीणा के नेतृत्व में टीम ने हाईवे पर ही मामा-भांजा रेस्टोरेंट के पास इनके साथी निंबाहेड़ा, चित्तौड़ निवासी सलमान खान उर्फ बली को पकड़ा। इससे एक देसी पिस्टल और 3 जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर 2 देसी पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस जब्त किए। पुलिस अब आरोपियों से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है।



# दो साल से अटका है टेबलेट का वितरण, अब 15 अगस्त के मुख्य कार्यक्रम में बंटने थे, लेकिन मौखिक रोक लगी, एक साथ सैकड़ों बच्चों...

## टेबलेट योजना 8वीं-10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को दिए जाने हैं, उदयपुर में 1253 टेबलेट पहुंचे

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। बोर्ड की 8वीं-10वीं और 12वीं कक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को दिए जाने वाले टेबलेट हर जिले के डीईओ ऑफिस में पहुंच गए हैं। ये टेबलेट यूं तो 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के मुख्य सार्वजनिक कार्यक्रम में बांटे जाने थे, लेकिन अब इस पर मौखिक आदेश से रोक लगा दी गई है। अब इनको बांटे जाने की डेट अलग से तय होगी। खास बात यह है कि ये टेबलेट मौजूद शिक्षा सत्र के नहीं हैं। ये पिछले दो शिक्षा सत्र 2021-22 और 2022-23 के हैं और दोनों ही सत्रों में इन्हें नहीं बांटा जा सका। उस समय बजट नहीं होने जैसी बातें भी सामने आई थी। अब इनके बंटने की उम्मीद बंधी तो ऐनवक्त पर इनका वितरण रोक दिया गया। टेबलेट को डीईओ ऑफिस में सील पैक कमरे में सुरक्षित रखा गया है। उदयपुर जिले में दोनों सत्रों के 1254 विद्यार्थी तथा प्रदेश में 55800 टेबलेट बांटे जाने हैं। उदयपुर में एक बच्चे की मौत के कारण 1253 टेबलेट डीईओ कार्यालय को प्राप्त हुए हैं। बता दें कि मौजूदा सरकार ने करीब 5 माह पहले तय किया था कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिलने वाले हर लाभ 15 अगस्त तक अनिवार्य रूप से मिल जाएं। इसके तहत निशुल्क पाठ्य पुस्तकें मिल चुकी। टेबलेट बांटे जाने की प्रक्रिया कतार में है, जबकि साइकिलों के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। ऐसे ही स्कूटी वितरण योजना व यूनिफॉर्म राशि खातों में जमा कराया जाना बाकी है। अभी टेबलेट बांटने से रोका : डीईओ उदयपुर के डीईओ माध्यमिक लोकेश भारती ने बताया कि अभी टेबलेट बांटने के लिए मना किया गया है।संभवतः 15 अगस्त के बाद इन्हें वितरित किए जाने के अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। हमारे यहां टेबलेट पहुंच गए हैं, लेकिन वितरण के लिए अलग से आदेश जारी करने के मौखिक निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने 12 जून को टेबलेट और इसके साथ दी जाने वाली सिम के लिए टेंडर आमंत्रित किए थे। ये 25 जून को खुलने थे, लेकिन इस बीच यह समस्या सामने आ गई कि सिम के लिए किसी एक कंपनी को टेंडर दे दिया और उसकी संबंधित छात्र-छात्राओं के इलाकों में सर्विस ही नहीं होगी तो ये बेकार साबित होंगे। ऐसे में टेंडर रोक दिए गए। बाद में 29 जून को निदेशालय की ओर से संबंधित स्कूलों के प्रबंधन से जानकारी मांगी गई कि उनके इलाकों में किस कंपनी का नेटवर्क काम करता है। स्कूलों ने शाला दर्पण पर इसकी जानकारी अपलोड की। बताया जा रहा है कि प्रदेश में 45 प्रतिशत बच्चों ने जियो को चुना है, जबकि 30 प्रतिशत ने एयरटेल। बाकी 25 प्रतिशत में अन्य सर्विस प्रोवाइडर हैं।

# संभागीय फीस विनियामक समिति की प्रथम बैठक आयोजित

■ संजीवनी टुडे

### दिए आवश्यक निर्देश



पाली। संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को पाली संभाग की संभागीय फीस विनियामक समिति की प्रथम बैठक संभागीय आयुक्त कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में संभागीय आयुक्त सिंह ने खण्डीय फीस विनियामक समिति के कृत्य एवं शक्तियों पर प्रकाश डालते हुए सदस्य सचिव ने बताया की समिति का मुख्य कार्य विद्यालय प्रबंध द्वारा छात्रो से प्रभारित की जाने वाली फीस के संबंध में प्रबंधन और माता-पिता अध्यापक संगम के बीच विवाद का न्याय निर्णयन करना है, समिति एक अपील समिति है जिसमे विद्यालय स्तरीय फीस कमेटी के निर्णय के विरूद्ध केवल प्रबंधन ही इस कमेटी में अपील कर सकता है। संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं निजी शिक्षण संस्थान के सम्मानित सदस्यों से कहा की जिले के समस्त विद्यालयों द्वारा राजस्थान विद्यालय (फीस का विनियमन) अधिनियम 2016 तथा राजस्थान विद्यालय (फीस का विनियमन) नियम 2017 तथा राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेश/परिपत्रों की समस्त विद्यालयों द्वारा पालना की जायें।उन्होंने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि उनके जिले के समस्त निजी शिक्षण संस्थानों की विद्यालय स्तरीय फीस समिति का शत प्रतिशत पोर्टल पर अपलोड करने एवं फीस नारूप को प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिये।उन्होंने कहा की प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय स्तरीय फीस समिति का गठन की सूचना पीएसपी पोर्टल तथा संबधित जिला शिक्षा अधिकारी को निर्धारित समय पर दिया जाना आवश्यक होगा। इस अवसर पर सचिव द्वारा अध्यक्ष एवं सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त हरफुल सिंह यादव, कोषाधिकारी राकेश कुमार गोयल, संयुक्त निदेशक चन्द्र प्रकाश जायसवाल तथा संभाग के समस्त जिलो के प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी/प्रतिनिध निजी शिक्षण संस्थान प्रतिनिधि प्रदीप दवे, दिनेश कुमार गर्ग अभिभावक प्रतिनिधि कुसुम थावानी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा चांदराई मंड़ल वृहद् कार्यसमिति की बैठक रामदेव मंदिर परिसर कवराड़ा में बैठक का हुआ आयोजन

■ संजीवनी टुडे




कवराड़ा-आहोर। भाजपा मंडल चांदराई की वृहद मंडल कार्यसमिति की बैठक बाबा रामदेव मंदिर परिसर कवराड़ा में मंगलवार को विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको भाजपा के डबल इंजन की सरकार के द्वारा जारी जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आमजन को मदद मिल सके। वहीं विकास से जुड़ी प्रमुख कार्यों की चर्चा की। वहीं भाजपा नेता ईश्वर सिंह थुम्बा व महिपाल सिंह चारण ने जनमानस के सुख-दुख में सहयोग की भावना से काम करने का कार्यकताओं से आह्वान किया। वहीं संगठन संरचना के साथ साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर अपने विचार रखे। वहीं विधायक छगनसिंह राजपुरोहित द्वारा जनमानस के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा की । वहीं बैठक में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, भाजपा नेता ईश्वर सिंह थुम्बा, महिपाल सिंह चारण, मंडल अध्यक्ष मांगीलाल राव ,छोगसिंह खींची, खेतसिंह राजपुरोहित, मोहनलाल मेवाड़ा, माधोसिंह नारवणा , भंवरपुरी गोस्वामी, मंगलसिंह भाटी, गोरधनसिंह,थानाराम , रामसिंह, पप्पू सिंह, पुखराज, रामसिंह कवलां , सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित विभिन्न मोर्चा व मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### टीएडी आयुक्त के साथ स्टाफ सदस्यों ने कैनवास पर लिखे देशभक्ति संदेश

संजीवनी टुडे

उदयपुर। स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में कला एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जनजाति क्षेत्रीय विकास आयुक्तालय परिसर में टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने कैनवास पर देश भक्ति संदेश लिखकर स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दी और हर व्यक्ति को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। आयुक्त ने अशोक चक्र और तिरंगे की सुंदर कृति के साथ मेरा भारत महान का संदेश लिखकर राष्ट्रीय पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर कार्यालय के विभिन्न अधिकारियों-कार्मिकों ने भी संदेश लिखकर और हस्ताक्षर कर अपनी सहभागिता निभाई।

### फतहसागर किनारे तिरंगा मैराथन का आयोजन 14 को

संजीवनी टुडे

उदयपुर। मुख्य सचिव के निर्देशों की पालना में ल्हर घर तिरंगा अभियान 2024ल्ल के तहत बुधवार 14 अगस्त को ल्तिरंगा मैराथनल्ल का आयोजन किया जाएगा। इसी के तहत उदयपुर जिला मुख्यालय पर बुधवार 14 अगस्त को प्रातः 6.30 बजे फतहसागर पाल के काले किवाड स्थित होटल ललित से प्रारम्भ होकर देवाली छोर तक मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती कीर्ति राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल रहेगें।

### कटाई प्रयोग संपादन के लिए प्रशिक्षण बैठक का आयोजन

संजीवनी टुडे

उदयपुर। मौसम खरीफ वर्ष 2024-25 के तहत बड़गांव ब्लॉक में फसल कटाई प्रयोग प्रशिक्षण मंगलवार को बड़गाँव पंचायत समिति सभागार में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी दिनेश श्रीमाली एवं कृषि पर्यवेक्षक कमलेश शर्मा ने प्रदान किया। इसमें प्रमुख फसलों से मिलने वाले उत्पादन का पूर्वानुमान लगाने के लिए और देश की कृषि नीति और खाद्यान्न के आयात निर्यात का पूर्वानुमान लगाने के लिये रेंडम आधार पर फसल कटाई प्रयोग उचित तरीके से करने के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि फसल कटाई प्रयोग भू अभिलेख निरीक्षक, पटवारी, कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक करते है इसका निरीक्षण ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी एवं राजस्व विभाग द्वारा किया जाता हैं। इस दौरान विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं एप के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सांख्यिकी विभाग, कृषि विभाग और राजस्व विभाग के कार्मिक ने भाग लिया।

### वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज से

संजीवनी टुडे

सराडा।राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत सराडा ब्लॉक के चारों आयुष्मान आरोग्य मन्दिर (आयुष) पर वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर का आयोजन क्रमशःआयुष्मान आरोग्य मन्दिर खरबर पाल बुधवार को व चावण्ड एवं परसाद पर 21 को एवं सराडा में 28 अगस्त 2024 को होगा।शिविर में वृद्धावस्था अन्य बिमारीयों जैसे जोड़ो का दर्द,कमर दर्द, डायबिटिज,बीपा,श्वास - कास,कब्ज, कमजोरी आदि सभी प्रकार की बिमारीयों की जांच एवं चिकित्सा होगी। सराड़ा ब्लॉक आयुर्वेद अधिकारी आयुर्वेद विभाग डॉ.यशवन्त परमार ने बताया की अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर स्वाथ्य लाभ लेवें।

### हनुमान चालीसा पढ़ रहे श्रद्धालुओं से परमिशन का सवाल, विवाद-हंगामा

संजीवनी टुडे

उदयपुर। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में बेकनी पुलिया के हनुमान मंदिर पर मंगलवार शाम हनुमान चालीसा पढ़ने को लेकर विवाद हो गया। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए तैनात भूपालपुरा थाने के जवानों ने परमिशन का सवाल कर दिया। इस पर युवा भड़क गए। कुछ देर बहस भी हुई। बुजुर्गों के समझाने पर मामला शांत हो गया। जानकारी के अनुसार हनुमान मंदिर में शाम को सर्व हिंदू समाज की ओर से चालीसा का पाठ किया जा रहा था। तब भूपालपुरा थाने का जाप्ता ट्रैफिक संभाल रहा था। मंदिर के बाहर भीड़ होने पर जवानों ने श्रद्धालुओं को चालीसा पढ़ने से रोका और परमिशन मांगी। इस पर श्रद्धालुओं की बहस हो गई। लोगों ने परमिशन मांगने का विरोध जताया। पुलिसकर्मी भी परमिशन पर ही पाठ करने के लिए कहने लगे। इलाके के बुजुर्गों ने युवाओं और पुलिस से समझाया। पाठ होने के बाद मामला शांत हुआ।

# विभाजन विभीषिका पर दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ

संजीवनी टुडे

## सांसद, शहर एवं ग्रामीण विधायक तथा जिला प्रमुख ने किया उद्घाटन



उदयपुर। तेरा वैभव अमर रहे माँ, हम दिन चार रहे न रहे की भावना सभी भारतीय में प्रबल हो ऐसा प्रयास करना है। देश की एकता और अखण्डता को मिल रही समस्त चुनौतियों का सब मिलकर सामना करें। यह बात मंगलवार को उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर द्वारा राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर के सभागार में विभाजन की विभीषिका पर आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर कहीं। उन्होंने सभी से अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख ममता कुंवर ने कहा कि ऐसे आयोजनों में युवाओं को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए ताकि वे राष्ट्रहित में अपना योगदान दे सके। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने देश की आजादी में वीर सावरकर के योगदान पर प्रकाश डाला और बच्चों से इनकी फिल्म देखने की अपील की। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह आयोजन हमारे लिए गर्व की बात है। समाजसेवी रवीन्द्र श्रीमाली ने राष्ट्रहित में इस प्रकार के आयोजनों को उपयोगी बताया। प्रारम्भ में सभी अतिथियों का तिरंगा उपरणा पहनाकर एवं तिरंगा बैज लगाकर स्वागत करते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो-क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि यह प्रदर्शनी 13 से 14 अगस्त तक चलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल दीपक माहेश्वरी, सरोज कुमार, प्रो.डॉक्टर किरण मीणा, सतीश आचार्य, अशोक सोनी, डॉ.रामसिंह भाटी, डॉ.अंजू बेनीवाल, प्रो.कुलदीप फडिया, सुरेन्द्र सिंह झाला, राकेश कुमार मीणा, भावेश सुथार आदि उपस्थित रहे।

### यहां भी लगाई प्रदर्शनी

मार्गदर्शी बैंक की ओर से तीन दिवसीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को जिला प्रमुख श्रीमती ममता कुंवर ने आईसीआईसीआई आरसेटी परिसर में किया। जिला प्रमुख ने इस आयोजन को युवा पीढ़ी के लिए उपयोगी बताया और हर जागरूक व्यक्ति को इस प्रदर्शनी अवलोकन करने का आह्वान किया। अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश जैन ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। शुभारंभ अवसर पर आरसेटी डायरेक्टर अमर दीक्षित, कोऑर्डिनेटर शरद माथुर, नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक नीरज यादव एवं मार्गदर्शी बैंक से हेमराज सोनवाल आदि उपस्थित रहे।

## विप्र फाउंडेशन वल्लभनगर तहसील ने दिया राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी वल्लभनगर को ज्ञापन सौंपा

संजीवनी टुडे

भटेवर। विप्र फाउंडेशन वल्लभनगर तहसील द्वारा पड़ोसी देश बंग्लादेश में हिन्दु समाज की महिलाओ व लोगों पर हो अत्याचार नरसंहार के खिलाफ विप्र फाउंडेशन वल्लभनगर तहसील के द्वारा देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी वल्लभनगर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बंग्लादेश में हिन्दु समाज व महिलाओ व बच्चीयों के साथ हो रहे दुष्कर्म अत्याचार का विरोध दर्ज कराया व उसे रोकनें की मांग की। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष भगवती लाल मेनारिया के साथ देहात जिला महासचिव प्रेम शंकर रामावत,जिला उपाध्यक्ष मोहन मेनारिया तहसील महासचिव डाल चन्द नागदा, मांगी लाल सिंघावत जिला कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गोपी लाल मेनारिया जिला सचिव भरत व्यास व श्याम चौबीसा, तहसील संरक्षक भंवर लाल आमेटा, उपाध्यक्ष फतेह लाल आमेटा, कोषाध्यक्ष छगन मेनारिया , सचिव मांगी लाल लुणावत, संयुक्त सचिव मोहन लाल मेरावत,खुबी लाल मेनारिया, युवा तहसील अध्यक्ष घनश्याम मेनारिया, महासचिव युवा प्रकोष्ठ भूपेन्द्र पुजारी, वल्लभनगर नगर अध्यक्ष राजकुमार आमेटा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मयुर जोशी , सहित गोपाल मेनारिया हितेश मेनारिया कई विप्र जन मौजूद थे ।

# नगर निगम की टीम ने किया शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण

## बेसमेंट में संचालित शैक्षिक गतिविधियां बंद कराई, बेसमेंट किए सीज

संजीवनी टुडे




उदयपुर। राज्य सरकार के निर्देश पर नगर निगम की ओर से गठित टीम ने मंगलवार को शहर में विभिन्न स्थलों पर संचालित शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान बेसमेंट में संचालित शैक्षिक गतिविधियों को बंद कराते हुए संबंधित बेसमेंट एरिया को सीज किया गया।

राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग जयपुर ने कोचिंग में अध्ययनरत व रहवासी छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संकटमय, अनियमित, सुरक्षा मापदंडों के विपरीत संचालित कोचिंग, लाइब्रेरी, कोचिंग-आवासों के विरूद्ध कार्यवाही के आदेश दिए थे। इसी संबंध में राज्य सरकार के निर्देश पर नगरीय विकास विभाग, जयपुर ने शहरों में आमजन के उपयोग के भवनों में अग्निशमन के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने, व आवासीय क्षेत्रों में जन सुरक्षा हेतु भवनों व भवनों के बेसमेंट में अग्नि सुरक्षा प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसी क्रम में मंगलवार को नगर निगम, उदयपुर के आयुक्त द्वारा उपरोक्त कार्यों के लिए गठित दल ने निरीक्षण किया। दल में मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री बाबूलाल चौधरी, उपनगर नियोजक श्री सिराजुद्दीन, पुलिस निरीक्षक श्री मांगीलाल डांगी, राजस्व निरीक्षक श्री विजय जैन, अग्निशमन अधिकारी श्री शिवराम मीणा, सहायक अग्निशमन अधिकारी श्री नवदीप सिंह बग्गा, सहायक नगर नियोजक श्रीमती सुचिता कोठारी, सहायक नगर नियोजक श्री विजय सिंह डामोर व श्रीमती श्रद्धा जैन ने पटेल सर्कल स्थित वीटी इंटरनेशनल स्कूल का निरीक्षण किया। यहां बेसमेंट में संचालित छात्रों की गतिविधियों के कारण बेसमेंट को सीज किया गया। गुरु रामदास कॉलोनी स्थित ओम साई संचालक इंद्रजीत सिंह के द्वारा मकान के बेसमेट में छात्रों के अध्ययन के लिये बनाई गई लाइब्रेरी को भी सीज किया गया। दल की ओर से नियमित निरीक्षण जारी रहेगा तथा शहर में अन्य भवनों के बेसमेंट में भी संचालित छात्रों के अध्ययन कोचिंग सेन्टर व लाइब्रेरी की जांच कर सीज करने की कार्यवाही की जावेगी।

# केदारिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह ने किया भूमि दान

संजीवनी टुडे






केदारिया। उच्च माध्यमिक विद्यालय में खेल मैदान हेतु जमीन की कमी होने से विद्यालय के समीप पड़ी हुई जमीन के मालिको से संपर्क कर कई बार आग्रह किया गया विद्यालय में शिक्षा हेतु भूमि दान के महत्व से प्रभावित होकर सोमवार को केदारिया निवासी भामाशाह पंडित बद्री लाल शर्मा पिता गोरधन लाल शर्मा उर्फ़ गोवर्धन लाल शर्मा द्वारा तहसीलदार भीण्डर के समक्ष दो मोतबीरान गवाह ग्राम पंचायत केदारिया सरपंच एवं उपसरपंच के साथ उपस्थित हो अपनी निजी भूमि विद्यालय के पास वाली एक बीघा आठ बिस्वा जमीन आज वर्तमान व आने वाली पीढ़ियों के परिवार,गाँव, राज्य एवं देश सेवा के लिए शिक्षा ग्रहण करने के उपयोग के लिए रजिस्टर्ड दान पत्र के माध्यम से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केदारिया को जरिये कार्यवाहक प्रधानाचार्य राधाकृष्ण चौबीसा को दान की। आज के समय में ऐसे महान विचार एवं विशाल दिल वाले लोग बहुत कम ही मिलते है लेकिन केदारिया की इस महान हस्ति ने शिक्षानायक बन विद्यालय को भूमि दान की है जिससे विद्यालय में खेल मैदान हेतु भूमि की उपलब्धता हो सकी है एवं अभी वर्तमान में सघन पौधारोपण अभियान के तहत इस भूमि में 500 पौधे भी लगा दिये हैं प्रेरणा स्त्रोत स्थानीय विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य राधा कृष्ण चौबिसा रहे तथा कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने इस भूमि में लगाये पौधों के वृक्ष बनने तक इनकी सिंचाई व देखरेख की जिम्मेदारी भी ली है! भामाशाह के इस उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए विद्यालय परिवार एवं समस्त ग्राम वासियों ने इनके विशाल हृदय की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# एक पेड मां के नाम अभियान: एमबी चिकित्सालय व बड़ी अस्पताल में पौधरोपण



संजीवनी टुडे

उदयपुर। एक पेड मां के नाम अभियान एवं मुख्यमंत्री हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड की ओर से शहर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय परिसर और राजकीय टीबी एवं चेस्ट चिकित्सालय बड़ी में पौधरोपण कार्यक्रम हुए। एमबी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के आतिथ्य में पौधारोपण किया गया। विधायक जैन ने प्रकृति के संरक्षण के लिए आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने एवं उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। इस दौरान आरएनटी प्राचार्य डॉ. विपिन माथुर, अधीक्षक डॉ. आर.एल.सुमन, निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार शर्मा, अधीक्षण अभियंता आर. के. अग्रवाल, अधिशाषी अभियंता आर. के. मूंदड़ा आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार टीबी अस्पताल में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा के आतिथ्य में पौधारोपण किया गया। इस दौरान समाजसेवी भंवर सिंह देवड़ा, गिरीश कुमार, श्रीमती संजू देवी, महेन्द्र देवड़ा, अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार आर्य आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी पर एसिड फेंकने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

संजीवनी टुडे



उदयपुर।उदयपुर की धानमंडी थाना पुलिस ने पत्नी पर एसिड अटैक करने वाले इनामी आरोपी को प्रोडक्शन वारंट से गिरफ्तार किया है। आरोपी को डेढ़ महीने पहले इंदौर पुलिस ने लूट के मामले में पकड़ा था और वह जेल में बंद था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया- आरोपी ने पिछले साल 4 जून को अपनी पत्नी पर तेजाब फेंक दिया था। पत्नी रिश्तेदार के साथ स्कूटी पर खरीदारी करने मालदास स्ट्रीट गई हुई थी। वह जैसे ही दुकान से बाहर आई आरोपी ने उसके मुंह पर एसिड फेंक दिया। इसमें मुंह और शरीर के कई हिस्से झुलस गए। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया। इस पर एसपी ने पिछले साल 18 जून को उस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी इंदौर में छिपा हुआ था। इस दौरान भी 10 जून को इंदौर के भंवरकुआं थाना इलाके के सपना संगीता रोड पर 56 साल की महिला से एक बैग छीन लिया था। आरोपी लूट के जेवरों को बेचकर मौज-मस्ती करने मनाली चला गया था। 24 जून को वह जैसे ही वापस इंदौर पहुंचा तो पुलिस ने उसे रेलवे स्टेशन से ही गिरफ्तार कर लिया था। फिर उसे जेल भेज दिया। इसके बाद से वह जेल में था। अब उदयपुर की धानमंडी थाना पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।

# कांकरोली में फायरिंग के आरोपी उत्तराखंड में गिरफ्तार: हरिद्वार के पास होटल में दबोचा, 15-15 हजार का था इनाम

संजीवनी टुडे



राजसमंद ।राजसमंद के कांकरोली में फायरिंग करने के 2 आरोपियों को पुलिस ने हरिद्वार के पास एक होटल से गिरफ्तार किया। इन दोनों आरोपियों ने कांकरोली में गत 3 अगस्त को सलूस रोड पर युवक पर फायरिंग की थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर छापा मारा। पुलिस ने आरोपियों का पता लगाते हुए दोनों को उत्तराखंड के हरिद्वार के पास एक होटल में धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों पर 15-15 हजार रूपए का इनाम रखा हुआ था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि पिस्टल कहां से मिली और इनके पीछे और कौन शामिल है। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के अनुसार सलूस रोड पर 3 अगस्त की रात्रि को जल चक्की निवासी भावेश गौरवा पर फायरिंग कर 2 आरोपी फरार हो गए थे। जिसके बाद पुलिस ने टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। कांकरोली पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश करते हुए भीलवाड़ा और कोटा पहुंची। जहां से तकनीकी आधार पर पता चला कि आरोपी कोटा से दिल्ली की ओर निकले है। जिसके बाद पुलिस उनके पीछे लग गई। पुलिस को जानकारी मिली कि दोनों आरोपी दिल्ली से हरिद्वार की और निकले है। पुलिस की टीम पीछा करते हुए हरिद्वार के पास कलियार शरीफ दरगाह के पास पहुंची। जहां पुलिस को फायरिंग का आरोपी मुकेश उर्फ फुग्गा गेस्ट हाउस के बाहर चाय पीता हुआ मिला। पुलिस ने मुकेश को डिटेन कर सख्ती से पूछताछ की तो बताया कि उसका साथी आजाद नगर जलचक्की निवासी कांकरोली निवासी मोहिद उर्फ हासिम कमरे में है। जहां पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी डिटेन कर कांकरोली लेकर पहुंची पुलिस दोनों आरोपियों से घटना को लेकर पूछताछ कर रही है साथ ही पिस्टल कहा से और कैसे मिली की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर 15-15 हजार रूपए का इनाम रखा हुआ था। पुलिस अधीक्षक त्रिपाठी ने आमजन से अपील कि की कोई भी व्यक्ति आपराधिक मामलों में लिप्त किसी भी आरोपी एवं व्यक्ति को फॉलो नही करें। उन्होंने बताया कि किंग खान गैंग को फॉलो करने वाले 30 फॉलोअर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसमें 7 प्रकरण दर्ज कर 2 अवैध पिस्टल, 5 धारदार हथियार व एक एनडीपीएस सहित आरोपियों को गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा 30 फॉलोअर्स के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। कांकरोली पुलिस की टीम में यह रहे शामिल कांकरोली पुलिस थाना इंचार्ज हनवंत सिंह सोढ़ा, उपनिरिक्षक केसाराम डीएसटी, साइबर सेल पवन सिंह सहायक उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल शंभु प्रताप सिंह, कॉन्स्टेबल नरेन्द्र वसीटा, राजेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, इन्द्रचन्द्र चोयल, राम करण, अरविन्द और नगेश शामिल रहे।

# पांच घंटे मार्ग जाम किया, चार शिक्षकों को लगाने के बाद धरना हुआ समाप्त

संजीवनी टुडे



उदयपुर ।बिकरणी पंचायत मुख्यालय पर संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर ग्रामीणों व बच्चों ने दूसरे दिन मंगलवार को भी जिला मुख्यालय मार्ग पर सुलाव चौराहे पर जाम लगा कर धरना-प्रदर्शन किया। विरोध को देखते हुए उदयपुर से अधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों से बात की। स्कूल में चार अध्यापक लगाए गए। उसके बाद धरना समाप्त किया गया। मंगलवार सुबह आठ बजे से ही स्कूली बच्चों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने सुलाव में जिला मुख्यालय मार्ग पर जाम लगा दिया। स्कूल में शिक्षकों को लगाने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान दिनभर व्यस्त रहने वाले इस मार्ग पर यातायात ठप हो गया। ग्रामीणों से बात करने के लिए उपखंड अधिकारी झाड़ोल, सीडीओ महेंद्र जैन, सीबीईईओ जीवनराम खराड़ी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बात की। स्कूल में व्यवस्था के लिए चार अध्यापकों को लगाया जा रहा है। ये शिक्षक, नए शिक्षक नहीं आते तब तक अपनी सेवाएं बिकरणी स्कूल में ही देंगे। इसके बाद ग्रामीणों ने पांच घंटे बाद 1 बजे धरना-प्रदर्शन समाप्त किया। इस बीच दोनों आरे के वाहन रुके रहे। कुछ वाहन अन्य मार्गों से निकले। सरपंच निर्मल बुंबरिया, सुलाव सरपंच नवाराम आदि मौजूद रहे। बता दें कि बिकरणी ग्राम पंचायत मुख्यालय के राउमावि पर शिक्षकों की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने ताला जड़ दिया। सुबह आठ बजे बिकरणी सरपंच निर्मल बुंबरिया के नेतृत्व में सभी बच्चे, अभिभावकों के साथ जिला मुख्यालय मार्ग पहुंचे। सुलाव चौराहे पर जाम लगा दिया। शिक्षकों के पद भरने के लिए नारेबाजी करते रहे। सूचना पर सीबीईओ जीवनराम खराड़ी, कोटड़ा थानाधिकारी अशोक सिंह चंपावत, मांडवा थानाधिकारी प्रवीणसिंह जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मांग पर सीबीईईओ ने अन्य स्कूल से व्यवस्था में चार अध्यापकों को लगाया, लेकिन ग्रामीणों ने स्थाई समाधान की मांग की। इस बार सीबीईओ ने नई भर्ती होने तक व्यवस्था में अध्यापकों को बिकरणी स्कूल में लगाने के आर्डर निकाले, लेकिन ग्रामीण जिला शिक्षा अधिकारी को बुलाने पर अड़े रहे। फोन पर डीईओ ने कहा की मैं मीटिंग में हूं। मैं आऊंगा तो भी वही होगा, जो सीबीईओ करेंगे, लेकिन ग्रामीण अपनी बात पर अड़े रहे।

ग्रामीणों सुलाव चौराहे पर जाम लगा दिया। शिक्षकों के पद भरने के लिए नारेबाजी करते रहे। सूचना पर सीबीईओ जीवनराम खराड़ी, कोटड़ा थानाधिकारी अशोक सिंह चंपावत, मांडवा थानाधिकारी प्रवीणसिंह जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मांग पर सीबीईईओ ने अन्य स्कूल से व्यवस्था में चार अध्यापकों को लगाया, लेकिन ग्रामीणों ने स्थाई समाधान की मांग की। इस बार सीबीईओ ने नई भर्ती होने तक व्यवस्था में अध्यापकों को बिकरणी स्कूल में लगाने के आर्डर निकाले, लेकिन ग्रामीण जिला शिक्षा अधिकारी को बुलाने पर अड़े रहे। फोन पर डीईओ ने कहा की मैं मीटिंग में हूं। मैं आऊंगा तो भी वही होगा, जो सीबीईओ करेंगे, लेकिन ग्रामीण अपनी बात पर अड़े रहे। ग्रामीणों की जिद और नाराजगी के चलते सीबीईओ को लौटना पड़ा था।

# प्राइवेट स्कूल बस ने सरकारी टीचर को कुचला: पिछला टायर शरीर के ऊपर से निकला, पिछले साल हुई थी शादी

संजीवनी टुडे



उदयपुर। प्राइवेट स्कूल बस ने सरकारी टीचर को आज सुबह करीब साढ़े सात बजे कुचल दिया। बस का टायर उनके शरीर के ऊपर से निकल गया। टीचर की पिछले साल की शादी हुई थी और 3 महीने की एक बेटी है। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई और पुलिस को बुलाया गया। टीचर को हॉस्पिटल लेकर गए लेकिन मौत हो चुकी थी। घटना के विरोध में लोगों ने रास्ता जाम कर दिया। हादसा उदयपुर के बावलवाड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार का है। थानाधिकारी करणवीर सिंह सिसोदिया ने बताया- शव को डूंगरपुर सरकारी हॉस्पिटल में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। उनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। थानाधिकारी ने बताया- खेरवाड़ा के ओगरा गांव के रहने वाले टीचर आनंद डामोर (29) पुत्र गणेश हर दिन की तरह बाइक पर अपने सरकारी उच्च प्राथमिक स्कूल मगरा में ड्यूटी पर जा रहे थे। निचला थूरिया स्थित रोड पर निजी स्कूल विद्या निकेतन की बस ने टीचर को टक्कर मार दी। बस का पिछला टायर टीचर के शरीर के ऊपर से गुजर गया, जिसके मौके पर ही मौत हो गई। टीचर आनंद डामोर तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और साल 2019 में उनकी सरकारी टीचर के तौर पर नौकरी लगी थी। पहली पोस्टिंग सरकारी उच्च प्राथमिक स्कूल मगरा में हुई। पिछले साल उनकी शादी हुई थी। आनंद की पत्नी सरकारी नर्स है और इनके तीन महीने की बेटी है।

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# पर्यावरण का महत्व, थीम और बहुत कुछ अच्छा



परिवर्तन एक बहुत ही अस्पष्ट शब्द है जिसका अर्थ अच्छा और बुरा दोनों हो सकता है - संदर्भ के आधार पर। हमारी आंखों के ठीक सामने दुनिया एक अभूतपूर्व दर से बदल रही है। और जबकि प्रौद्योगिकी और नवाचार में परिवर्तन इस बात के संकेत हैं कि मानव जाति कितना अच्छा कर रही है, हमारी पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन संबंधित हैं। जलवायु संकट ने चरम मौसम की घटनाओं को बढ़ा दिया है जो हजारों लोगों को मारते हैं या विस्थापित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप खरबों डॉलर का आर्थिक नुकसान होता है। ये विनाशकारी परिणाम मानवता को एक अलग तरह के बदलाव की ओर धकेल रहे हैं: हमारी प्राथमिकताओं में बदलाव। हमें एक ऐसी दुनिया की जरूरत है जहां नीति निर्माता किसी भी परियोजना के पर्यावरणीय पहलुओं के बारे में मौद्रिक व्यवहार्यता पर अधिक ध्यान दें। ऐसा करने का सबसे अच्छा तरीका है जागरूकता फैलाना और लोगों को यह एहसास दिलाना कि हमारी स्थिति कितनी गंभीर और अस्थिर है। ऐसा करने के लिए, विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है - इस बात पर जोर देने के लिए कि पृथ्वी बिना किसी वापसी के बिंदु पर टिपिंग करने के लिए कितनी करीब है। पहली बार 1973 में मनाया गया, विश्व पर्यावरण दिवस को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा ''सकारात्मक परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक मंच'' के रूप में चिह्नित किया गया है। यह आयोजन हर साल 5 जून को मनाया जाता है। और इस बार, 50 साल पहले पहली बार हुए वैश्विक पर्यावरण शिखर सम्मेलन की मेजबानी स्वीडन द्वारा की जाएगी। विश्व पर्यावरण दिवस 2022 का विषय केवल एक पृथ्वी है, जो ''प्रकृति के साथ सद्भाव में रहना'' पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की आबादी लगातार 8 अरब की ओर बढ़ रही है, और हम अपनी वर्तमान जीवन शैली को बनाए रखने के लिए 1.6 पृथ्वी के बराबर का उपयोग कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से, पारिस्थितिक तंत्र हमारी मांगों को पूरा नहीं कर सकता है और परिणामस्वरूप, तेजी से घट रहा है। अब पहले से कहीं अधिक, हमें यह याद रखने की आवश्यकता है कि हमारे पास केवल एक पृथ्वी है और हमारे ग्रह को बचाने के लिए समय समाप्त हो रहा है। यही कारण है कि इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम - केवल एक पृथ्वी - वर्तमान परिदृश्य पर पूरी तरह से फिट बैठती है। विश्व पर्यावरण दिवस हम सभी से अपने प्राकृतिक परिवेश की रक्षा करने का आग्रह करता है। 150 से अधिक देशों के लाखों लोगों के भाग लेने के साथ, यह अब दुनिया का सबसे बड़ा पर्यावरण कार्यक्रम है। इसका लक्ष्य सरकारों, व्यवसायों, नागरिक समाज, स्कूलों, मशहूर हस्तियों, शहरों और समुदायों को पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरणीय कार्रवाई का जश्न मनाने में शामिल करना है। यूएनईपी के अनुसार, कई जलवायु समझौतों के बावजूद, जलवायु परिवर्तन को रोकने की दिशा में प्रगति अभी भी बहुत धीमी है। व्यक्तियों और नागरिक समाज को जागरूकता बढ़ाने और सरकारों और निजी क्षेत्र पर बड़े पैमाने पर बदलाव करने के लिए दबाव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। इसलिए, विश्व पर्यावरण दिवस 2022 ''हमारे ग्रह को मनाने, संरक्षित करने और पुनर्स्थापित करने के लिए वैश्विक स्तर पर सामूहिक, परिवर्तनकारी कार्रवाई'' का आह्वान करता है, हर किसी को, हर जगह, स्थायी रूप से रहने और जलवायु आपदा को संबोधित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यदि कोई कार्रवाई नहीं की गई तो जलवायु परिवर्तन ग्रह को कैसे प्रभावित करेगा? अगले दो दशकों में, ग्लोबल वार्मिंग 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने की 50% संभावना है। सदी के अंत तक ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए, वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 2030 तक आधा कर देना चाहिए। पारिस्थितिकी तंत्र का क्षरण अनुमानित 3.2 बिलियन लोगों या दुनिया की 40% आबादी की भलाई को प्रभावित करेगा। हमेशा की तरह व्यापार परिदृश्य के तहत, जलीय पारिस्थितिक तंत्र में प्रवेश करने वाला वार्षिक प्लास्टिक कचरा 2016 में 9-14 मिलियन टन से लगभग 2040 तक 23-37 मिलियन टन हो सकता है। यहां तक ????कि सबसे आशावादी परिदृश्य में, जिसमें शुद्ध-शून्य उत्सर्जन हासिल किया जाता है। 2050 तक जारी रहेगा ग्लोबल वार्मिंग! सभी बातों पर विचार किया गया है, अक्षय ऊर्जा निवेश जो उच्च आर्थिक गुणक उत्पन्न कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।



**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।


**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# मालदीव-भारत के बेहतर होते रिश्तों के सबब



चीन की कटपुतली बने मालदीव को आखिर भारत की कीमत समझ में आ गयी। चीन एवं पाकिस्तान की कुचालों एवं षडयंत्रों से भारत के पडोसी देशों की हालात जर्जर होती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण बांग्लादेश है। लेकिन एक पडोसी देश के रूप में पिछले करीब एक साल की अवधि में मालदीव ने भी गहरे हिचकोले खाने एवं कई कड़वे अनुभवों से गुजरने के बाद अब पटरी पर आ गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया देखने को मिला, जिस तरह से उन्होंने भारत के साथ आगे बढ़ने की मंशा जाहिर की, यह उन्हें अपनी गलती का अहसास कराने का ही द्योतक कहा जा सकता है। देर आये दुरस्त आये वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत-मालदीव के रिश्तों को भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्व कार्यकाल में पडोसी देशों की यात्रा करते हुए उनसे भारत के संबंधों को सौहार्दपूर्ण एवं विकासमूलक बनाने के प्रयास किये। इसी के तहत मोदी की तत्कालीन मालदीव दौरे का मुख्य उद्देश्य नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत सुरक्षा, विकास की दृष्टि के भारत के संबंधों को और मजबूत करना था। दौरे के दौरान मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान 'निशान इजुद्दीन' से भी सम्मानित किया गया। दरअसल मालदीव की दक्षिण एशिया और हिन्द महासागर में जो स्ट्रेटजिक (सामरिक) लोकेशन है, वह भारत के लिए बेहद अहम है। मालदीव में पिछले कुछ सालों में चीन ने अपना प्रभुत्व बढ़ाया है, उसे हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर उल्लेखनीय सफलता भी मिली। लेकिन यह सब करने के पीछे चीन का मुख्य लक्ष्य मालदीव की भारत से दूरी बढ़ाना भी रहा, जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली। इस प्रकरण की शुरुआत पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था। वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गए कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी। भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई देने लगा। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आते रहे, लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जाती रही है। इसी दौरान मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की, जिसका उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है। प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। मुइज्जू के भारत विरोध उनके अनेक मंत्रियों की तल्ख टिप्पणियों एवं रवैये के कारण वहां की अर्थ-व्यवस्था गिरने लगी, विशेषतः पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। मालदीव की नई सरकार के रुख को देखते हुए भारत ने भी वेट एंड वॉच की पॉलिसी अख्तियार कर ली। नतीजा यह हुआ कि भारत से छुट्टियां बिताने मालदीव जाने वाले टूरिस्टों की संख्या कम होने लगी। इस साल के शुरुआती चार महीनों की अवधि में वहां भारतीय टूरिस्टों की संख्या में 42 प्रतिशत घट गयी। ध्यान रहे, मालदीव की जीडीपी में टूरिज्म का योगदान 30 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, भारत के सहयोग से चलने वाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखाई देने लगा। मुइज्जू सरकार इनकी अनदेखी नहीं कर सकती थी। किसी अन्य देश का सहयोग भी इसकी भरपाई नहीं कर सकता था। ऐसे में मुइज्जू सरकार ने पिछले कुछ समय से अपने रुख में बदलाव का संकेत देना शुरू कर दिया था। भारत ने भी इन संकेतों का सम्मान किया। नतीजा यह कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव की यात्रा की, जिसके कारण दो पड़ोसी देशों के पुराने रिश्ते फिर पटरी पर लौटते दिख रहे हैं। मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, लेकिन इन स्थितियों के कारण हुए भारी नुकसान का झेलते हुए मालदीव चीन के मनसूबों का भाप गया। भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूंबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। भारत एवं मालदीव के बीच तल्खी अगर बढ़ती तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की लगातार कोशिश कर रहा है। जिसका भारत ने खयाल रखा। इसलिए भारत सरकार की तरफ से संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफ से तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जाता रहा है। लेकिन मालदीव को भी यह समझ आ गया कि भारत से दूरी उसके लिये नुकसानदायी है। चीन की तुलना में भारत से मालदीव के हित ज्यादा गहराई से जुड़े हैं। फिर भी मुइज्जू भारत के साथ रिश्तों में आ रही संभावित दूरी की भरपाई चीन से करीबी रिश्तों के रूप में करना चाहते हैं। हालांकि एक्सपर्ट्स तब भी इस बात की ओर ध्यान खींच रहे थे कि भू-राजनीति की वास्तविकताओं के मद्देनजर यह संभव नहीं है कि मालदीव में जो भूमिका भारत निभा सकता है, वह चीन निभाने लगे। फिर भी चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुइज्जू के बयानों में हलकी सी नरमी जरूर दिखी, लेकिन नीतियों की दिशा बदलने का प्रयास फिर भी जारी रहा। लेकिन इससे हो रहे नुकसान को लेकर मुइज्जू सरकार सतर्क हो गयी। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख 41 हजार और 2023 में करीब 2 लाख लोगों ने मालदीव की यात्रा की है। ऐसे में भारत-मालदीव के बीच बढ़ रही दूरी का असर मालदीव के टूरिज्म एवं आर्थिक व्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक था। भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के प्रति अच्छा रहा हैं लेकिन चीन पोषित भारत विरोध की ऐसी अकारण नफरत भारत क्यों बर्दाश्त करें? निश्चित ही मालदीव के रवैये का दोनों देशों के बीच की सदियों पुरानी दोस्ती पर नकारात्मक प्रभाव पडा। भारतीय यदि मालदीव का बहिष्कार करने लगा तो वहां अर्थव्यवस्था चरमरा जायेगी, यह बात समझने में मालदीव को देर नहीं लगी।

**विचार बिन्दु**

**प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। अपनी भूल को सुधारते हुए उसने भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है जो दोनों देशों के हित में है। भारतीय उपमहाद्वीप के देशों के केनवास पर शांति, प्रेम, विकास और सह-अस्तित्व के रंग भरने में भारत सक्षम है।**



ललित गर्ग

# भगवान श्रीकृष्ण मोहिनी मूरत के बहुआयामी महानायक

श्रीकृष्ण का चरित्र अत्यन्त दिव्य, अलौकिक एवं विलक्षण है और उनका जन्मोत्सव का पर्व उससे भी अधिक दिव्य एवं विलक्षण है। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव-जन्माष्टमी पर हमें उनसे प्रेरणा लेकर जीवन को जटिल नहीं, सरल और सहज बनाते हुए मानवता के अभ्युदय के लिये पुरुषार्थी प्रयत्न करने चाहिए, तभी इस पर्व को मनाने की सार्थकता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुआयामी एवं बहुरंगी हैं, देश ही नहीं दुनिया के लिये वे एक महान् क्रांतिकारी महानायक एवं युगावतार हैं, उनमें बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने कितनी विशेषताओं एवं विलक्षणताओं को स्वयं में समेटे हैं। एक भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में गुरु भी हैं जो जीवन जीने की कला सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में महानायक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे।

धार्मिक जगत में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सामाजिक समता, प्रेरणा, उत्सव एवं उमंग का उदाहरण है। उन्होंने नगर में जन्म लिया और गाँव में खेलते हुए उनका बचपन व्यतीत हुआ। इस प्रकार उनका चरित्र गाँव व नगर की संस्कृति को जोड़ता है, गरीब को अमीर से जोड़ता है, गो चरक से गीता उपदेशक होना, दुष्ट कंस को मारकर महाराज उग्रसेन को उनका राज्य लौटाना, धनी घराने का होकर गरीब ग्वाल बाल एवं गोपियों के घर जाकर माखन खाना आदि जो लीलाएँ हैं ये सब एक सफल राष्ट्रीय महामानव होने के उदाहरण हैं। कोई भी साधारण मानव श्रीकृष्ण की तरह समाज की प्रत्येक स्थिति को छूकर, सबका प्रिय होकर राष्ट्रोद्धारक बन सकता है। कंस के वीर राक्षसों को पल में मारने वाला अपने प्रिय ग्वालों से पिट जाता है, खेल में हार जाता है। यही है दिव्य प्रेम की स्थापना का उदाहरण। भगवान श्रीकृष्ण की यही लीलाएँ सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रप्रियता का प्रेरक मानदण्ड हैं। भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व अध्यात्म-जगत के लिये ही नहीं, भारतीय इतिहास के लिये ही नहीं, विश्व इतिहास के लिये भी अलौकिक एवम् अद्भुत व्यक्तित्व है और सदा रहेगा। वे हमारी संस्कृति के एक विलक्षण महानायक हैं। एक ऐसा व्यक्तित्व जिसकी तुलना न किसी अवतार से की जा सकती है और न संसार के किसी महापुरुष से। उनके जीवन की प्रत्येक लीला में, प्रत्येक घटना में एक ऐसा विरोधाभास दीखता है जो साधारणतः समझ में नहीं आता है। यही उनके जीवन चरित की विलक्षणता है और यही उनका विलक्षण जीवन दर्शन भी है। अपनी सरस एवं मोहक लीलाओं तथा परम पावन उपदेशों से अन्तः एवं बाह्य दृष्टि द्वारा जो अमूल्य शिक्षण उन्होंने दिया था वह किसी वाणी अथवा लेखनी की वर्णनीय शक्ति एवं मन की कल्पना की सीमा में नहीं आ सकता, यही उनकी विलक्षणता है। ज्ञानी-ध्यानी जिन्हें खोजते हुए हार जाते हैं, जो न ब्रहम में मिलते हैं, न पुराणों में और न वेद की ऋचाओं में, वे मिलते हैं ब्रजभूमि की किसी कुंज-निकुंज में राधारानी के पैरों को दबाते हुए- यह श्रीकृष्ण के चरित्र की विलक्षणता ही तो है कि वे अजन्मा होकर भी पृथ्वी पर जन्म लेते हैं। मृत्युंजय होने पर भी मृत्यु का वरण करते हैं। वे सर्वशक्तिमान होने पर भी जन्म लेते हैं कंस के बन्दीगृह में। श्रीकृष्ण एक ऐसा आदर्श चरित्र हैं जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं।




## 14 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1989 ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्लाह रोहेल्लाह खुमैनी का देहांत।

2001 शाही हत्याकांड जांच आयोग के एक सदस्य माधवन के इस्तीफ़ से नेपाल में शाही परिवार की जांच का कार्य अवरुद्ध।

2002 भारत की सीमा पर साझा गश्त के प्रस्ताव को पाकिस्तान ने खारिज किया।

2005 ताइवान ने अपनी पहली क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

2008 इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती घोटाले की जाँच सीबीआई से कराने का भारत सरकार को निर्देश दिया।
एलेन परेरा ने बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का कार्य0भार सम्भाला।
अमेरिका ने भारत व चीन को निगरानी सूची में डाला।

2017 सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 डी-1 का सफल प्रक्षेपण।

जन्मे व्यक्ति

1972 योगी आदित्यनाथ - उत्तर प्रदेश राज्य के 21वें मुख्यमंत्री हैं।

1961 रमेश कृष्णन - भारत के प्रसिद्ध टेनिस प्रशिक्षक और पूर्व टेनिस खिलाड़ी हैं।

1901 गोविंद शंकर कुरुप (ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित मलयाली भाषा के एक प्रसिद्ध साहित्यकार)

1879 एन. एम. जोशी - भारत में 'ट्रेड यूनियन आंदोलन' के जन्मदाता थे।

निधन

1942 - मास्टर मदन - प्रतिभाशाली ग़ज़ल और गीत गायक

# भारत में आर्थिक प्रगति हेतु सनातन संस्कृति के संस्कारों को जीवित रखना ही होगा

**विचार बिन्दु**



प्रह्लाद सबनानी

**और इस प्रकार भारत को एक बार पुनः गुलाम बनाए जाने में आसानी हो सके। विदेशी ताकतों द्वारा आज भारत के एकात्म समाज को टूटा फूटा समाज बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।८**

लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज के द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है और देश में शांति स्थापित करने के लिए भी समाज का विशेष योगदान रहता आया है। किसी भी देश में सत्ता का व्यवहार उस देश के समाज की इच्छा के अनुरूप ही होने के प्रयास होते रहे हैं। जब जब सत्ता द्वारा समाज की इच्छा के विपरीत निर्णय लिए गए हैं अथवा समाज के विचारों का आदर सत्ता द्वारा नहीं किया गया है तब तब उस देश में सत्ता परिवर्तन होता हुआ दिखाई दिया है। लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज के द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है और देश में शांति स्थापित करने के लिए भी समाज का विशेष योगदान रहता आया है। समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक ही यदि आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो देश में शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी।

भारत के नागरिकों में आज स्व के भाव के प्रति जागृति दिखाई देने लगी है और वे भारत के हित सर्वोपरि हैं की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। अतः समाज के विभिन्न वर्गों के बीच यह जागरूकता फैलाने की आज महती आवश्यकता है कि भारत आज आर्थिक प्रगति के जिस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में देश में शांति स्थापित करने की भरपूर आवश्यकता है। क्योंकि, देश में यदि शांति नहीं रह पाती है तो विदेशी संस्थान भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित करने के प्रति हत्तोत्साहित होंगे और देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी। भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के खंडकाल में से अधिकतम समय (लगभग 250 वर्षों के खंडकाल को छोड़कर) पूरे विश्व में एक आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है और इसे सोने की चिड़िया कहा जाता रहा है। वर्ष 712 ईसवी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था। परंतु, वर्ष 1750 ईसवी में अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कम्पनी के रूप में) के भारत में आने के बाद से भारत की आर्थिक प्रगति को जैसे ग्रहण ही लग गया था। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने न केवल भारत को जमकर लूटा बल्कि भारत की संस्कृति पर भी बहुत गहरी चोट की थी और भारत के नागरिक जैसे अपनी जड़ों से कटकर रहने लगे थे। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के पूर्व भी भारत पर आक्रमण हुए थे, शक, हूण, कुषाण आदि ने भी भारत पर आक्रमण किया था परंतु लगभग 250/300 वर्षों तक भारत पर शासन करने के उपरांत उन्होंने अपने आपको भारतीय सनातन संस्कृति में ही समाहित कर लिया था। इसके ठीक विपरीत आक्रांताओं एवं अंग्रेजों का भारत पर आक्रमण का उद्देश्य भारत की लूट खसोट करने के साथ ही अपने धर्म एवं संस्कृति का प्रचार प्रसार करना भी था। आक्रांताओं ने जोर जबरदस्ती एवं मार काट मचाकर भारत के मूल नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनाया तो अंग्रेजों ने लालच का सहारा लेकर एवं दबाव बनाकर भारतीय नागरिकों को ईसाई बनाया। इन्होंने भारतीय नागरिकों के मन में सनातन हिंदू संस्कृति के प्रति घृणा पैदा की एवं अपनी पश्चिमी सभ्यता से ओतप्रोत संस्कृति को बेहतर बताया। अंग्रेज भारतीय नागरिकों के मन में ऐसा भाव पैदा करने में सफल रहे कि पश्चिम से चला कोई भी विचार भारतीय सनातन संस्कृति के विचार से बेहतर है। जबकि आज इस बात के पर्याप्त प्रमाण मिल रहे हैं कि पश्चिम द्वारा किए गए लगभग समस्त आविष्कारों के मूल में भारतीय सनातन संस्कृति की ही छाप दिखाई देती है और उन्होंने यह विचार भारतीय वेद, पुराण एवं उपनिषदों से ही लिए गए प्रतीत होते हैं। कुछ विदेशी ताकतों द्वारा भारत में आज एक बार पुनः इस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं कि हिंदू सनातन संस्कृति को मानने वाले हिंदू समाज को किस प्रकार आपस में लड़ाकर छिन्न भिन्न किया जाय। आज भारत में एक ऐसा विमर्श खड़ा करने का प्रयास हो रहा हैं कि देश में हिंदू हैं ही नहीं बल्कि सिक्ख हैं, दलित हैं, राजपूत हैं, जैन हैं आदि आदि। देश में जातियों के आधार पर जनसंख्या की मांग की जा रही है ताकि देश में प्रदान की जाने वाली समस्त सुविधाओं को हिंदू समाज की विभिन्न जातियों की जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जा सके। जिससे अंततः देश में विभिन्न जातियों के बीच झगड़े पैदा हों।

# शाकाहार

## शतम् जीवेत् सुखम् जीवेत्

हैल्थ संवाददाता

**स्वास्थ्य ही धन है, ऐसे में आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, उसपर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। शाकाहारी भोजन आपको न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। शाकाहारी भोजन के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता आलेख। सच में यह कहा जाये, तो बिल्कुल गलत नहीं होगा, कि व्यक्ति का शरीर केवल शाकाहार भोजन खाने के लिए बना है। शाकाहार में शरीर के लिए जरूरी आयरन, प्रोटीन, फैट्स, विटामिन्स आदि होते हैं। लेकिन लोगों को यह लगता है कि नॉनवेज में प्रोटीन ज्यादा होता है, इसलिए नॉनवेज खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। शाकाहार के सेवन से भी प्रोटीन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।**

### संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम



शाकाहारी भोजन में रेशे यानी फाइबर बहुतायत में पाये जाते हैं। इसमें विटामिन व लवणों की मात्र भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। शाकाहारी भोजन में पानी की मात्र भी ज्यादा होती है, जिससे मोटापा कम होता है। मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्र कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका को कम करता है। अनाज, फली, फल व सब्जियों में रेशे व एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

### शाक से मिलता है प्रोटीन




शाकाहारी होना कतई हानिकारक नहीं है। मांसाहारियों को शरीर के लिए जरूरी तत्व जो मांस से मिलते हैं, वही जरूरी तत्व शाकाहारियों को कई प्रकार के शाक से मिलते हैं। प्रोटीन जो मछली, मांस और अंडे से प्राप्त होता है, वह वनस्पति से भी प्राप्त होता है।

### बनो शाकाहारी हो जाओ दीर्घायु

मानव शरीर के कार्य करने के लिए ऐसा कोई पौष्टिक व जरूरी तत्व नहीं है, जो वनस्पतियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। फोलेट के अत्यधिक मात्र में होने के कारण और न्यून मात्र में सैचुरेटेड फैट, कोलेस्ट्रॉल व एनिमल प्रोटीन मात्र के कारण शाकाहारी भोजन हमें खतरनाक और सामान्य रोगों से बचाता है।

### कौन सा विटामिन पाएं कहां से



**विटामिन 'ए':** (1) हरी सब्जियां (2) मक्खन (3) क्रीम (4) गाय का दूध (5) काडलिवर आयल

**विटामिन बी 1:** (1) गेहूं (2) ताजे मटर (3) अंकुरित बीज (4) सेम (5) खमीर आदि।

**विटामिन बी2:** (1) अंडा (2) टमाटर (3) दूध (4) खुमानी (5) हरी सब्जियां।

**विटामिन बी 6:** (1) अनाज के दाने (2) मछली (3) मांस (4) खमीर (5) चावल (6) फलियां

**विटामिन बी 12:** (1) हरी सब्जियां (2) दालें (4) अनाज (5) खमीर आदि।


**विटामिन सी:** (1) बंदगोभी (2) शलगम (3) सादे रसदार फल (4) टमाटर (5) नींबू आदि।

**विटामिन- डी:** (1) दूध (2) काड लिवर आयल (3) पनीर (4) घी (5) मक्खन

**विटामिन ई:** (1) गेहूं के अंकुर (2) पालक (3) हरी सब्जियां (4) बंदगोभी (5) टमाटर आदि।

### किसके लिये कौन सा विटामिन है फायदेमंद

- हमें आंखों के लिये विटामिन 'ए' तथा 'सी' की आवश्यकता है।
- मसूड़ों तथा दांतों की मजबूती के लिये विटामिन सी चाहिए।
- पाचन शक्ति बढ़ाने तथा हृदय को मजबूत करने के लिए विटामिन बी चाहिए।
- फेफड़ों की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिये विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है।
- बार-बार खांसी जुकाम हो तो विटामिन 'ए' लीजिए।
- पिण्डलियों का भारीपन तथा पांव का दर्द दूर करने के लिये विटामिन 'बी' चाहिए।
- खून की कमजोरी दूर करने के लिये विटामिन सी की आवश्यकता होती है।
- शरीर की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी न हों, इसके लिए विटामिन 'डी' का सेवन करें।



**1977 से अमेरिका में विश्व शाकाहार दिवस मनाने की शुरूआत की**

**शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है।**

### शाकाहार से रक्तचाप रहता है सामान्य

इस संस्था के शोधकर्ताओं का मानना है कि शाकाहारियों के रक्त में यूरिक एसिड का मात्रा कम होती है। इससे रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांसाहारियों में इसकी अधिकता पायी जाती है। शाकाहार के बारे में कुछ जाने-माने सितारों का भी मत सकारात्मक है।

### विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी

विश्व के प्रसिध्द महापुरुष शाकाहारी थे, जिनमें सर आईजक न्यूटन, टॉलस्टाय, मिल्टन, अरस्तु, बर्नार्ड शा आदि के नाम प्रमुख हैं। शाकाहार ने ही उनके बंद ज्ञान की पंखुड़ियों को खोलने में मदद की। महान वैज्ञानिक एलबर्ट आइन्सटाईन का कथन आज भी सत्य है। शाकाहार का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे तो इंसान का भाग्य पलट सकता है। कैंसर एंड अदर डिसीज फ्राम मीट कन्जंम्पशन पुस्तक के लेखक लियोनार्डो ब्लानचे ने कैंसर के अनेक मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने पाया कि कुल संख्या का एक तिहाई भाग जिस कैंसर से पीड़ित मिला है, वह पेट का कैंसर ही था। उनके अनुसार, पेट में पूरी तरह न पचने राले खाद्य पदार्थों से ऐसा संभव हुआ है। मांस ऐसा भोजन है जो देर से पचता है, जबकि शाकाहार करने वाले ऐसी शिकायतें कम करते हैं।

### शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता

आर्थिक दृष्टि से शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता पड़ता है। शाकाहारी भोजन चाहे जितना ही भारी हो, लेकिन मांस से पहले पचता है। यह भूख को पूर्ण रूप से तृप्त करता है। इससे मोटापा आने के आसार बहुत कम होते हैं। शाकाहारी के शरीर में रक्त के संचार की गति तेज होती है। शाकाहार की महत्ता को गास्पल आफ जीसस क्राइस्ट में भी बताया गया है कि यदि तुम शाकाहारी भोजन को नियमित अपनाओगे तो तुम्हें नया जीवन व शक्ति मिलेगी।

मांसाहारी जिन मांस को खाते हैं, वह न जाने कैसे पशुओं का होता हैं। शहर में घूमते इन आवारा पशुओं को अनेक बीमारियां घेरे रहती हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो क्या इनके शरीर की जांच की जाती है?

### मांसाहार मानव शरीर को करता विकृत

मांसाहार अवश्य ही मानव शरीर को विकृत करता है। शाकाहार वास्तव में मनुष्य के मन और शरीर को सुदृढ़ बनाता है। अतः निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि हर हाल में शाकाहार मांसाहार की अपेक्षा अत्यन्त लाभदायक होता है, फिर मनुष्य को प्रकृति में रहने की आदत है तो उसी के अनुरूप आचरण भी करना चाहिए।

### लहसुन उच्च रक्तचाप में राहत देता है

लहसुन सर्दियों से दुनिया भर में अनेक लोगों के भोजन का अंग रहा है, जो लोग इसे पसंद करते हैं, उनका कहना है कि लहसून से खाने का मजा बढ़ जाता है, लेकिन दुनिया के कई समाज इसे खाना अच्छा नहीं समझते, शायद तीखी गंध के कारण। आयुर्वेद में लहसुन का गुण-गान किया गया है। अब तो आधुनिक चिकित्सा पध्दति के विशेषज्ञ भी कई बीमारियों में इसे कारगर मानने लगे हैं। दमा, बहरेपन, खांसी-जुकाम, पेट में कीड़े आदि में लहसुन लेने की सलाह दी जाती है। छाती के रोगों में और सर्दी लग जाने पर लहसुन की दूध में उबाल कर लेना चाहिए। तपेदिक के मरीजों के लिए भी लहसुन बहुत मुफीद है। लहसुन की कली को पीसकर 250 ग्राम दूध में धीमी आंच पर उबालिये। एक चौथाई दूध रह जाने पर यह दवा बन जाएगी। इसे दिन में तीन बार लेना चाहिए। सुबह-सबेरे खाली पेट लहसुन की एक-दो कलियों को जरा-सा कूट कर पानी में निगल जाइए। उच्च रक्तचाप और पेट की बीमारियों में फायदा होगा। आंतों में जमा विषैला तत्व नष्ट हो जाता है।

लहसुन का सबसे बड़ा अवगुण इसकी बू है। जो लोग लहसुन नहीं ले सकते, वे लहसुन के कैप्सूल ले सकते हैं, जो बाजार में उपलब्ध हैं। लहसुन गुणों का भंडार है, लेकिन कुछ लोगों को नुकसान कर सकता है। इसकी तासीर गर्म होती है। जिनकी पाचन शक्ति कुछ ज्यादा ही गड़बड़ हो, गर्म चीजें खाने से जिनको तकलीफ बढ़ जाती है, उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए।

# शाकाहार पूर्ण पौष्टिक भोजन है

हैल्थ संवाददाता

**आज की भौतिक दौड़ में हमने अपने खान-पान को भुला दिया है। आज कई लोग मांसाहारी हो गये हैं। संभवतः यही कारण है कि नयी-नयी बीमारियों का जन्म हो गया है। हमारा शरीर प्राकॉतिक तत्वों से मिलकर बना है। अतः मनुष्य को वही जन करना चाहिए, जिसमें सात्विक गुण हो, क्योंकि शरीर किसी बाह्य तत्व का बोझ सहन नहीं कर सकता। अब हमारा पौष्टिक भोजन क्या हो? विशेषज्ञों के अनुसार शाकाहार ही पौष्टिक भोजन है।**



शाकाहारी भोजन में उचित मात्रा में शक्तिवर्ध्दक तत्व होते हैं। शाकाहारी भोजन स्वस्थ, सबल और दीर्घायु बनाता है,जबकि मांसाहारी व्याधियों से घिरसे होते हैं। शाकाहार के संबंध में अनेक शोध भी होचुके हैं। इसका परिणाम स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक ही पाया गया है। शाकाहारी मांसाहारियों की अपेक्षा सहनशील, शक्तिशाली और परिश्रमी होते हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन का रासायनिक विश्लेषण मांसाहारी भोजन से कई मायनों में अधिक होता है। जैसे प्रति सौ ग्राम अंडों का विश्लेषण करने पर 13.3 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 13.3 फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.0 प्रतिशत मिनरल्स व 173 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि प्रति सौ ग्राम सोयाबीन से 43.3 प्रतिशत प्रोटीन, 20.9 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 19.5 प्रतिशत फैट, 3.7 प्रतिशत फाइबर, 4.6 प्रतिशत मिनरल्स और 432 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे प्रति सौ ग्राम बकरे का मांस 21.4 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 23.6 प्रतिशत फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.1 प्रतिशत मिनरल्स, 118 कैलोरी ऊर्जा रखता है, जबकि प्रति सौ ग्राम मोट से 23.6 प्रतिशत प्रोटीन, 56.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 1.1 प्रतिशत फैट, 4.5 प्रतिशत फाइबर और 330 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

### मछली में है प्रचूर मात्रा में प्रोटिन

इसी प्रकार मछली की अनेक किस्मों में प्रति सौ भाग रासायनिक पौष्टिकता इस प्रकार है- प्रोटीन 8.9 से 76.1 प्रतिशत, फाइबर 0 प्रतिशत, मिनरल्स 0 से 27.5 प्रतिशत और ऊर्जा 59 से 413 कैलोरीज, जबकि मूंगफली व तरबूज के सौ ग्राम बीजों की पोषकता यूं हैं- 26.2 से 34.1 प्रतिशत प्रोटीन, 26.7 से 45 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 39.8 से लेकर 52.6 प्रतिशत फैट, 0.8 से लेकर 3.1 प्रतिशत फाइबर, 1.6 से लेकर 25 प्रतिशत मिनरल्स और 470 से लेकर 628 कैलोरी ऊर्जा।

### हरी सब्जियां में है विटामिन्स की खान

अब देखें फाइबर मांस में बिल्कुल नहीं है, जबकि रोगों से लड़ने की ताकत यही जुटाता है। इसके विपरीत हर शाकाहारी भोजन में फाइबर की उपस्थिति निश्चित है। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां तो विटामिन्स की खान है अगर कुछ विटामिन्स रह भी जाएं तो इसकी पूर्ति, दूध, दही व मक्खन से की जा सकती है। शाकाहार के संबंध में अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि जो अमेरिका महिलाएं शाकाहारी होते हैं उन्हें छाती का कैंसर कभी न होने की संभावना होती है। शाकाहार में अंगूर, पपीते व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वालों को भोजन नली का कैंसर बहुत कम होने का खतरा रहता है। शाकाहार के संबंध में जर्मनी की इंस्टीट्यूट आफ सोशियल मेडिसन एंड एपिडेमिचोलोजी द्वारा भी सर्वेक्षण किये जा चुके हैं।






# कैंसर को दूर रखने के लिए शाकाहार अपनायें

कई अध्ययनों से पता चला है कि शाकाहारी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मांस खाने वाले लोगों की तुलना में मजबूत होती है। वहीं शाकाहारी लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां, कैंसर और मोटापा जैसी बीमारियां भी कम होती हैं। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। तो चलिये विस्तार से जानें कि शाकाहार कैसे हमें कैंसर व अन्य घातक बीमारियों से दूर रख सकता है।

### पौष्टिकता का खजाना है शाकाहार

शाकाहारी भोजन मनुष्य को फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। एक सर्वे के दौरान मिले तथ्यों के मुताबिक जानकार बताते है कि शरीर के लिए शाकाहारी खाना सबसे अच्छा है। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। सर्वे के मुताबिक शाकाहारी खाने में कोलेस्ट्राल नहीं होता और वसा भी कम होती है और यह कैंसर के खतरे को 40 फीसद कम करता है। शाकाहारी खाने में सोया दूध, अनाज, फल, सब्जियां, बादाम और जूस हमारी रोजमर्रा की विटामिन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि शाकाहारी लोग फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों से जल्दी प्रभावित नहीं होते हैं। मांसाहारी लोगों को शाकाहारी खाना खाने वालों की तुलना में मोटे होने का खतरा नौ गुना ज्यादा होता है।



# रिलीज हुआ 'एंग्री यंग मेन' का ट्रेलर ...

**मुंबई।** बॉलीवुड को 'एंग्री यंग मेन' का कॉन्सेप्ट देने वाली स्क्रीनराइटर जोड़ी सलीम-जावेद को कौन नहीं जानता। इंडस्ट्री में दोनों ने साथ मिलकर 24 फिल्में लिखीं, जिनमें से 22 हिट साबित हुईं। 'शोले' जैसी फिल्मों से अपनी कलम का जादू बिखेरने वाले सलीम-जावेद की जोड़ी की कहानी अब पर्दे पर उतर रही है। अमेजन प्राइम वीडियो पर 'एंग्री यंग मेन' नाम से एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज आ रही है, जिसमें सितारों संग सलीम खान और जावेद अख्तर को अपने राइटिंग के दिनों की बात करते देखा जाएगा। इस सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'एंग्री यंग मेन' डॉक्यूमेंट्री सीरीज में आप दोनों की कहानी को देखेंगे।

लाइफ Style

# दीया
## अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा

अभिनेत्री दीया मिर्जा बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो पर्यावरण को लेकर बहुत ही सजग रहती हैं। अभिनेत्री लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी आवाज बुलंद करती आ रही है। वह पर्यावरण और प्रकृति के बचाव के लिए लोगों को हमेशा प्रेरित करते हुए नजर आती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सद्भावना की एंबेसडर भी हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एडवोकेट दीया मिर्जा बदलाव के लिए हमेशा मुखर होकर बोलती हैं। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन, संरक्षण और पर्यावरण के क्षेत्र में अपने प्रयासों में योगदान दिया है। अभिनेत्री ने 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा सभा 2047: भारत के भविष्य को आकार देने वाले कार्यक्रम में भाग भी लिया। अभिनेत्री दीया मिर्जा ने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक को अस्वीकार करने और अपनी जड़ों की ओर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'जब हम व्यक्तिगत रूप से चुनाव करते हैं तो बदलाव होता है। इसलिए सिंगल यूज प्लास्टिक को अस्वीकार करें। साधारण चीजें जिन्हें हम अस्वीकार कर सकते हैं वे हैं बोतलें, कटलरी, क्रॉकरी आदि। उन्होंने आगे कहा, 'भारत के गांवों में ऐसे युवा हैं जो स्टील बैंक शुरू कर रहे हैं, जहां बड़े-बड़े समारोह आयोजित किए जा रहे हैं, बिना एक भी अपशिष्ट उत्पाद के, खासकर प्लास्टिक के उत्पाद। इसलिए हमें मूल बातों पर वापस जाने और अपनी जड़ों की ओर लौटने की जरूरत है। क्योंकि, हमारे पूर्वज जो इस धरती पर रहते थे और चलते थे, जानते थे कि हमें धरती के लिए कम हानिकारक होने की जरूरत है।



हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल एंड वूल्वरिन का दबदबा

**मुंबई।** भारत में डेडपूल एंड वूल्वरिन का दबदबा लगातार बरकरार है। तीसरे सप्ताहांत में इस फिल्म ने तेज रफ्तार पकड़कर शानदार कमाई की। कलेक्शन के मामले में यह अब तक कई हॉलीवुड फिल्मों को पीछे छोड़ चुकी है। ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को भारतीय दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। भारत में यह फिल्म मार्वल की डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस (131.14 करोड़ रुपए) और ओपनेहाइमर (131.75 करोड़ रुपए) से बस कुछ ही कदम पीछे है।




# जारी हुआ 'स्नो व्हाइट' का टीजर-ट्रेलर...

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी की 1937 की एनिमेटेड क्लासिक 'स्नो व्हाइट' के प्रशंसकों को बड़ा तोहफा मिला है। डिज्नी ने शुक्रवार को डी23 एक्स्पो में 'स्नो व्हाइट' के लाइव-एक्शन टेक की पहली क्लिप दिखाई। फिल्म अगले साल 21 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। स्नो व्हाइट के रूप में जेगलर काफी आकर्षक लग रही हैं। अभिनेत्री को 'स्नो व्हाइट एंड द सेवेन ड्वार्फ्स' द्वारा प्रसिद्ध की गई प्रतिष्ठित पोशाक में दिखाया गया है। इन दिनों आप डिज्नी लाइव रूपांतरण से बच नहीं सकते हैं, और सूची में अगला स्थान 'स्नो व्हाइट' का है। 'अलादीन', 'द लिटिल मरमेड' और कई अन्य फिल्मों की पुनर्कल्पना के बाद, डिज्नी अब लाइव-एक्शन ट्रीटमेंट पाने के लिए अपनी सबसे प्रसिद्ध फिल्मों में से एक, 1937 की 'स्नो व्हाइट एंड द सेवेन ड्वार्फ्स' का उपयोग कर रहा है।



# काश हम एक-दूसरे से बात कर पाते...

**मुंबई।** श्रीदेवी ने बॉलीवुड में अपने लिए वो जगह बनाई जहां तक पहुंच पाना हर किसी के लिए आसान नहीं था। श्रीदेवी अपने जमाने में अपने को-स्टार्स की स्ट्रॉन्ग कॉम्पिटिटर मानी जाती थीं और सबसे कड़ी टक्कर में थीं जया प्रदा। कहते हैं कि दोनों के बीच कॉम्पिटिशन का वो लेवल था कि ये एक-दूसरे से बातचीत तक नहीं करती थीं। इतना ही नहीं, फिल्मी गलियारों में आज भी ये चर्चा खूब रहती है कि दोनों ने करीब 25 साल तक एक-दूसरे से बातचीत नहीं की। श्रीदेवी की मौत के बाद जया काफी टूट गई थीं। उन्होंने कहा था, 'जब मुझे खबर मिली कि वह हमें बीच में कैसे छोड़ गई, यह अभी भी मुझे परेशान करता है और मैं उसे बहुत याद करती हूं। यह भी कहना चाहूंगी कि अगर कहीं वह मेरी बात सुन रही हैं तो मैं बस यही कहूंगी कि काश हम एक-दूसरे से बात कर पाते।'



# मुफासाः द लायन किंग में अबराम की एंट्री

**मुंबई।** 'मुफासाः द लायन किंग' फिल्म का सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसमें मुफासा के किरदार के लिए शाहरुख खान ने और सिंबा के लिए उनके बड़े बेटे आर्यन खान ने अपनी आवाज दी थी। अब अबराम खान भी इस प्रोजेक्ट से अपना डेब्यू कर रहे हैं। उन्होंने भी इस फिल्म के लिए हिंदी डबिंग की है। वो पापा की आवाज बनेंगे। यानी यंग मुफासा की। ये फिल्म 20 दिसंबर को इंग्लिश, हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में 2D और 3D में रिलीज होगी। डिज्नी मीडिया फ्रेंचाइजी की फिल्म सीरीज की पहली क्लासिक एनिमेशन मूवी 'द लायन किंग' को साल 1994 में रिलीज किया गया था। ये फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई थी। अब 5 साल बाद फिल्म का प्रीक्वल आ रहा है, जिसका नाम 'मुफासाः द लायन किंग' रखा गया है।

टीवी मसाला



# केबीसी 16 के शानदार आगाज पर भावुक हुए अमिताभ...

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन ने पिछले साल लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को भावनात्मक विदाई दी थी। हालांकि, प्रशंसकों की मांग के कारण मेगास्टार केबीसी की मेजबानी करने के लिए लौट आए हैं। 16वें सीजन का आगाज हो चुका है। शो का प्रीमियर सोमवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर हुआ। बिग बी ने एक बार फिर मेजबान की कुर्सी की शोभा बढ़ाई। साथ ही वह 16वें सीजन के साथ वापस लौटने पर भावुक होते नजर आए। बिग बी जैसे ही मंच पर पहुंचे। लोगों ने अभिनेता-मेजबान का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। इसके बाद अमिताभ अपनी सीट पर बैठ गए और कैमरे की ओर देखते हुए हिंदी में अपना स्वागत भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा, 'आज एक नए सत्र की शुरुआत हुई है, लेकिन आज मेरे पास शब्दों की कमी है और ऐसा इसलिए है, क्योंकि किसी भी शब्द में आपके प्यार के प्रति आभार व्यक्त करने की क्षमता नहीं है।' अमिताभ ने कहा, 'मैं केबीसी के पुनर्निर्माण और पुनर्जन्म के लिए इस देश के लोगों को सलाम करता हूं। ये मंच आपका है, ये खेल आपका है और ये सीजन सिर्फ आपका है। आपके प्यार का सम्मान करने के लिए मैं दोगुनी मेहनत से आपके सामने उपस्थित होऊंगा। और मुझे विश्वास है कि आप मेरा हाथ पकड़कर मुझे आश्वस्त करते रहेंगे।' यह सब बोलते हुए बिग बी भावुक होते नजर आएं।

## 'बिग बॉस 18' में चलेगा इन हसीनाओं का जादू

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे पॉपुलर और सक्सेसफुल रियलिटी शो में से एक 'बिग बॉस' है। अब तक इसके 17 सीजन काफी हिट रहे हैं। अब मेकर्स बिग बॉस के सीजन 18 की जोरो-शोरों से तैयारी कर रहे हैं। 'बिग बॉस 18' के लिए कई एक्ट्रेसेस का नाम सामने आ रहा है। खबरों की मानें तो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की बबिताजी यानी मुनमुन दत्ता 'बिग बॉस 18' में धमाकेदार एंट्री कर सकती हैं। इसके अलावा सोहेल खान संग फिल्म 'मैंने दिल तुझको दिया' में नजर में आने वाली एक्ट्रेस समीरा रेड्डी को लेकर भी खबर है कि वह बिग बॉस 18 का हिस्सा बन सकती हैं। पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में चल रहीं दलजीत कौर को लेकर भी कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस शो में नजर आ सकती हैं। इसके अलावा पूजा शर्मा, दीपिका आर्या, नुसरत जहां, सोमी अली भी शो में आकर अपना जलवा दिखाती हुई नजर आ सकती हैं।



# एडवांस बुकिंग में 'स्त्री 2' ने तोड़ा 'स्त्री' का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री फिल्म के प्रमोशन में 

बिजी चल रही हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 स्वतंत्रता दिवस पर बॉक्स ऑफिस की दौड़ में सबसे आगे चल रही है। फिल्म ने 6.87 करोड़ रुपए से अधिक की एडवांस बुकिंग के साथ स्त्री के पहले दिन के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। ओरिजनल 'स्त्री' साल 2018 में रिलीज हुई थी और इसने पहले दिन 6.82 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था और अपने थिएटर रन के अंत तक लगभग 130 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। और 'स्त्री 2' ने सिर्फ अपनी एडवांस बुकिंग में स्त्री के ओपनिंग डे के नंबरों को तोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार, हॉरर कॉमेडी के सीक्वल ने 2.57 लाख से अधिक टिकट बेचे हैं, जिससे कुल 7.84 करोड़ रुपए की बिक्री हुई है, और फिल्म की रिलीज के पहले ही दिन यह आसानी से 10 करोड़ रुपए को पार करने की उम्मीद है।

# बॉलीवुड के वो पॉपुलर गाने...जिनके बिना अधूरा है 15 अगस्त का जश्न....



**नई दिल्ली।** 15 अगस्त के दिन हर देशवासी उन शहीदों का याद करता है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर हंसते बंसते देश के लिए अपनी जान दे दी। ऐसे में हम आपके लिए उन गानों की लिस्ट लाए हैं। जिन्हें सुनकर हर किसी के मन में देशभक्ति का जोश भर जाता है।

***संदेशे आते हैं*** : इस लिस्ट का सबसे पहला गाना वो है। जिसे हर कोई बेहद ही चाव से सुनते हैं। बात कर रहे हैं साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर' के गाने 'संदेश से आते हैं'है। जिसे सोनू निगम और रूप कुमार राठौर ने गाया था।

***तेरी मिट्टी में मिल जावां*** : अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी'का ये गाना भी 15 अगस्त के लिए एकदम सही है। इस गाने को भी दर्शकों का खूब प्यार मिलता है। फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी।

***ऐ वतन तेरे लिए*** : ये गाना दिलीप कुमार, अनुपम खेर, जैकी श्रॉफ, नसरूद्दीन शाह की फिल्म 'कर्मा' का 'ऐ वतन तेरे लिए'है। जो हर 15 अगस्त के फंक्शन में जरूर बजता है।

***ऐ वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू*** : आलिया भट्ट की फिल्म 'राजी'का ये गाना भी 15 अगस्त के दिन खूब बजाया जाता है।

***कर चले हम फिदा*** : साल 1964 में आई फिल्म 'हकीकत'का ये गाना भी बहुत ही फेमस देशभक्ति गीत है। जिसे मोहम्मद रफी ने गाया था।

***मेरा रंग दे बसंती चोला*** : 'द लेजेंड ऑफ़ भगत सिंह'का ये गाना भी स्वतंत्रता दिवस के लिए बेस्ट है। जिसे सुनकर हर किसी के मन में देशभक्ती का जोश भर जाता है।

***मेरे देश की धरती, सोना उगले*** : फिल्म 'उपकार'का ये गाना भी हर किसी के मन में देशभक्ति का जोश भर देता है। ये फिल्म साल 1967 में आई थी।

## कैसे जॉन प्रकाश राव बन गए जॉनी लीवर?

# शराब के ठेके पर किया काम, तो कभी सड़क पर बेचे पेन

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में चार दशक के ज्यादा समय से दर्शकों को अपनी बेहतरीन एक्टिंग और दमदार कॉमेडी के चलते अपना मुरीद बना रहे जॉनी लीवर 67 साल के होने जा रहे हैं। दिग्गज एक्टर और कॉमेडियन का जन्म 14 अगस्त 1957 को आंध्रप्रदेश के कनिगिरी में हुआ था।*

### जॉनी लीवर का असली नाम

बहुत से लोग और जॉनी लीवर के फैंस को उनके असली नाम के बारे में पता नहीं है। जॉनी का असली नाम जॉन प्रकाश राव जनुमाला है। उनके नाम बदलने के पीछे एक दिलचस्प कहानी है। दरअसल, जॉनी के पिता 'हिंदुस्तान लीवर' कंपनी में काम करते थे। कभी-कभी जॉनी भी अपने पिता के साथ उनके ऑफिस चले जाते थे। शुरू से ही जॉनी का फिल्मों की ओर झुकाव भी था। अपने पिता के ऑफिस में जॉनी लोगों को एक्टर्स की मिमिक्री करके एंटरटेन करते थे। इसके बाद लोग उन्हें जॉनी लीवर बुलाने लगे।





### गरीबी के कारण बचपन में किया काम

इसके अलावा जॉनी ने बॉलीवुड में आने से पहले शराब के ठेके पर भी काम किया था। स्कूल से आने के बाद वे परिवार की आर्थिक मदद के लिए काम करते थे। अपने एक इंटरव्यू में जॉनी लीवर ने बताया था कि, 'स्लम में रहते थे ना तो स्कूल से आके मैं दारू के अड्डे पर काम करता था। जो भी पैसे मिलते थे, उन्हें मैं घर के खर्चे के लिए देता था।'

### 15 साल की उम्र में सड़क पर बेचे पेन

जॉनी का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली पढ़ाई भी पूरी नहीं की। सातवीं क्लास में उन्हें घर के हालातों के चलते स्कूल छोड़ना पड़ा। वहीं, 15 साल की उम्र में वे सड़क पर पेन बेचकर गुजारा करते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि, 'कुछ तीन-चार महीने तक मैंने पेन बेचे। मेरे एक चिंदी दोस्त ने मुझे पेन बेचना सिखाया था। मैं जब 15 से 16 साल का था और एक्टर्स की आवाज निकालने की कोशिश करके पेन बेचा करता था। पहले पेन बेचकर मैं 25 से 30 रुपए तक कमाता था। हालांकि, बाद में एक्टर्स की आवाज में पेन बेचे तो 250 से 300 रुपए तक कमाई होने लगी।'

### 'दर्द का रिश्ता' से किया बॉलीवुड डेब्यू

साल 1982 में जॉनी को दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन के साथ विदेश टूर का मौका मिला था। उसी दौरान एक्टर सुनील दत्त की जॉनी पर नजर पड़ी। जॉनी को सुनील दत्त ने अपनी फिल्म 'दर्द का रिश्ता' में काम करने का मौका दे दिया। इसके बाद जॉनी ने 80 और 90 के दशक में दर्शकों का खूब दिल जीता। एक्टर ने अपने करियर में 'गोलमाल अगेन', 'राजा हिन्दुस्तानी', 'एंटरटेनमेंट', 'दूल्हे राजा', 'रुप की रानी', 'जुदाई', 'कुछ कुछ होता है', 'नायक', 'आरजू', और खट्टा मीठा जैसी कई फिल्मों में काम किया है। उन्हें दो बार फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया है।

### राशन के लिए अंकल से मांगते थे पैसे

एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना के शो The Icons में जॉनी ने खुलासा किया था कि, 'मेरे डैडी हैं ना, वो बहुत ही शराब पीते थे। उनको ज्यादा घर का ये नहीं होता था। हम अपने अंकल से पैसे मांगते थे। तो राशन के लिए, घर के लिए चाहिए पैसे तो अंकल से लेने पड़ते। तो बुरा भी लगता था मुझे। बार-बार क्या पूछना आंटी से जाके।'

## खबर संक्षेप



### स्थानीय विनिर्मित रेंज रोवर की आपूर्ति शुरू

**मुंबई।** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर ने घरेलू बाजार में स्थानीय रूप से विनिर्मित रेंज रोवर स्पोर्ट की आपूर्ति शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इसके साथ ही, अब रेंज रोवर का पूरा खंड भारत में निर्मित हो गया है। जगुआर लैंड रोवर ने इस वर्ष मई में घोषणा की थी कि वह भारत में टाटा मोटर्स के पुणे संयंत्र में रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का विनिर्माण करेगी। कंपनी के अनुसार, पेट्रोल तथा डीजल दोनों इंजन में उपलब्ध नई रेंज रोवर स्पोर्ट की कीमत 1.40 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) है।

### आइनॉक्स विंड को एवररिन्यू से मिला 51 मेगावाट का ठेका

**नई दिल्ली।** आइनॉक्स विंड को एवररिन्यू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड से 51 मेगावाट उपकरण आपूर्ति का ठेका मिला है। कंपनी बयान के



अनुसार, आइनॉक्स विंड इसके लिए बहु-वर्षीय परिचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) सेवाएं भी उपलब्ध कराएगी। यह ठेका आइनॉक्स विंड के नवीनतम तीन मेगावाट पवन टरबाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) से उपकरण आपूर्ति से जुड़ा है। आइनॉक्स विंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैलाश ताराचंदानी ने कहा, 'हम एवररिन्यू से 51 मेगावाट का ठेका पाकर खुश हैं।

### एनआईआरएफ रैंकिंग में ऊपर चढ़ 15वें स्थान पर

NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय का भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) एनआईआरएफ रैंकिंग-2024 में प्रबंधन श्रेणी के तहत 12 स्थान चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गया है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 12 अगस्त को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के तहत रैंकिंग जारी की। आईआईएफटी पिछले वर्ष की रैंकिंग में 27वें स्थान पर था, जबकि 2022 में यह 24वें स्थान पर था। यह 2021 में 25वें, 2020 में 26वें और 2019 में 31वें, 2018 में 23वें, 2017 में 30वें और 2016 में 81वें स्थान पर था।

### हिंडाल्को का लाभ 25 फीसदी बढ़कर 3074 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 25.2 प्रतिशत बढ़कर 3,074 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से परिचालन दक्षता बढ़ने और कच्चे माल की लागत में कमी से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने मंगलवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी ने 2,454 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### इंटरआर्क का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा




**नई दिल्ली।** निर्माण समाधान प्रदाता इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने अपने 600 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 850-900 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी बयान के अनुसार, आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद होगा। आईपीओ 200 करोड़ रुपये तक के ताजा शेयर और 400 करोड़ रुपये मूल्य के 44.47 लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है। इस प्रकार निर्गम का कुल आकार 600 करोड़ रुपये बैठता है। कंपनी निर्गम से प्राप्त राशि का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय, प्रणाली उन्नयन और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी।

# सरकार एथेनॉल की कीमतों में बढ़ोतरी पर कर रही विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार नवंबर 2024 से शुरू होने वाले सत्र के लिए एथेनॉल की कीमतों में वृद्धि के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। साथ ही वह कच्चे माल के विविधीकरण पर भी जोर दे रही है, क्योंकि उसका लक्ष्य 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल करना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पेट्रोलियम मंत्रालय के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता वाली समिति ने प्रस्ताव पर एक दौर की चर्चा पहले ही कर ली है। सूत्रों ने बताया कि एथेनॉल की कीमतों में संशोधन गन्ने के उचित तथा लाभकारी मूल्य के आधार पर किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि सरकार एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को अपनी हरित ऊर्जा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और चीनी मिलों की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण मानती है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत में एथेनॉल मिश्रण चालू सत्र में जुलाई तक 13.3 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो 2022-23 सत्र में 12.6 प्रतिशत था। देश की कुल एथनॉल उत्पादन क्षमता वर्तमान में 1,589 करोड़ लीटर है, पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने 2023-24 सीजन के दौरान मिश्रण के लिए 505 करोड़ लीटर एथेनॉल खरीदा है। सूत्रों ने बताया कि समिति विशेष रूप से गन्ने से उत्पादित एथेनॉल की कीमतों में संशोधन पर विचार कर रही है।

## नवंबर 2024 से शुरू होने वाले सत्र के लिए प्रस्ताव पर विचार

### समय से पहले एथेनॉल मिश्रण लक्ष्य मिल जाएगा

नाम न बताने की शर्त पर एक सूत्र ने कहा, 'उत्पादन को प्रोत्साहित करने तथा हमारे सम्मिश्रण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मूल्य संशोधन पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जा रहा है।' सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा था कि भारत 2030 की मूल समयसीमा से पहले ही 2025-26 तक 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।



### गन्ने से बने एथेनॉल की कीमत 65.61 रुपए प्रति लीटर

सरकार द्वारा तय की गई एथेनॉल की कीमतें 2022-23 सत्र (नवंबर-अक्टूबर) से यथावत हैं। वर्तमान में गन्ने के रस से उत्पादित एथेनॉल की कीमत 65.61 रुपये प्रति लीटर है, जबकि 'बी-हेवी' और 'सी-हेवी' गुड़ से उत्पादित एथनॉल की दरें क्रमशः 60.73 रुपये और 56.28 रुपये प्रति लीटर हैं।

## ट्राई का स्पैम कॉल के लिए कंपनियों को दिशा निर्देश

# अनचाही कॉल करने वाली गैर-पंजीकृत इकाइयों का कनेक्शन काटने का निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को दूरसंचार कंपनियों को निर्देश दिया कि अनचाही (स्पैम) कॉल करने वाले गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों के सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन काटने के साथ उन्हें दो साल तक के लिए काली सूची में डाल दिया जाए। इसके साथ ही भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों को इस निर्देश का तत्काल पालन करने और इस संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में पाक्षिक आधार पर नियमित ब्योरा देने के लिए भी कहा है।

- पालन न करने पर दो साल के लिए काली सूची में डाला जाएगा

### ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद

ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस 'निर्णायक कार्रवाई' से बिना पंजीकरण वाले टेलीमार्केटिंग कंपनियों की तरफ से उपभोक्ताओं को की जाने वाली स्पैम कॉल में कमी आने और ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

**खास बातें**

- नियम का तत्काल पालन करने और कार्रवाई के लिए कहा गया
- कंपनियों को पाक्षिक आधार पर नियमित ब्योरा देने होगा



### कनेक्शन काट दिया जाएगा

ट्राई ने बयान में कहा, "स्पैम कॉल करने वाली गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों के सभी दूरसंचार साधनों का कनेक्शन काट देने और दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियमन, 2018 के तहत ऐसी कॉल करने वालों को काली सूची में डालने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिए गए हैं।"

### रिकॉर्ड व कंप्यूटर जनित कॉल पर भी आपत्ति

*इस दिशा में ट्राई ने थोक कनेक्शन और दूसरे दूरसंचार साधनों का इस्तेमाल करने वाले सभी गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटर (यूटीएम) से प्रचार के लिए की जाने वाली कॉल पर रोक लगाना सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए अनिवार्य कर दिया है, चाहे ये संदेश पहले से रिकॉर्ड हों या कंप्यूटर-जनित हों। दूरसंचार नियामक ने कहा, "दूरसंचार साधनों (एसआईपी/ पीआरआई/ अन्य दूरसंचार संसाधनों) का उपयोग करने वाले गैर-पंजीकृत प्रेषकों/ गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों से की जाने वाली सभी प्रचारात्मक कॉल तुरंत रोक दी जाएंगी।"*

### प्रचारात्मक कॉल पर सजा

*अगर कोई गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटर इस निर्देश का उल्लंघन कर प्रचारात्मक कॉल करने के लिए दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग करते हुए पाया जाता है तो उसके सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन प्राथमिक दूरसंचार सेवा प्रदाता दो साल तक के लिए काट देंगे। इसके अलावा ऐसी गैर-पंजीकृत इकाइयों को दो साल के लिए काली सूची में भी डाल दिया जाएगा।*

### अनुपालन रिपोर्ट सात दिन में देना होगा

इस दौरान किसी भी दूरसंचार कंपनी की तरफ से उन्हें नए दूरसंचार संसाधन आवंटित नहीं किए जाएंगे। नियामक ने कहा कि यह निर्देश जारी होने के एक महीने के भीतर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को डीएलटी मंच पर स्थानांतरित किया जाएगा और उसके बाद सात दिन के भीतर अनुपालन रिपोर्ट देनी होगी।

### माह के एक व 16 तारीख को देना होगा अपडेट

ट्राई ने सभी दूरसंचार कंपनियों को अपने नवीनतम निर्देश का अनुपालन करने और हर महीने की पहली और 16 तारीख को इस संबंध में की गई कार्रवाई पर नियमित अपडेट देने का भी निर्देश दिया है। नियामक ने स्पैम कॉल पर लगाम लगाने की मंशा से पिछले हफ्ते सभी दूरसंचार कंपनियों के नियामकीय प्रमुखों के साथ बैठक की थी।

### बैठक में ये कंपनियां शामिल

इस बैठक में एयरटेल, बीएसएनएल, रिलायंस जियो, टाटा टेलीसर्विसेज लिमिटेड, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड, क्वॉड्रेंट टेलीवेंचर्स लिमिटेड (क्यूटीएल) और वी-कॉन मोबाइल एंड इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने शिरकत की थी।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस ने छह नई दैनिक उड़ानें शुरू कीं




एजेंसी ▶▶| नयी दिल्ली/कोलकाता

13 अगस्त (भाषा) एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने घरेलू नेटवर्क को मजबूत करते हुए छह नई दैनिक उड़ानें शुरू की हैं। इनमें से चेन्नई और कोलकाता से उड़ानें भी शामिल हैं। एयरलाइन कंपनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि नई उड़ानों में कोलकाता से दो, चेन्नई से तीन और गुवाहाटी-जयपुर मार्ग पर पहली सीधी उड़ान शामिल है। बयान में कहा गया कि नई उड़ानें चेन्नई-भुवनेश्वर, चेन्नई-बागडोगरा, चेन्नई-तिरुवनंतपुरम, कोलकाता-वाराणसी, कोलकाता-गुवाहाटी और गुवाहाटी-जयपुर मार्ग पर शुरू की गई हैं।

- चेन्नई और कोलकाता से उड़ानें शामिल

कोलकाता-वाराणसी उड़ान सुबह 7:40 बजे रवाना होकर 9:05 बजे वाराणसी पहुंचेगी, जबकि वापसी की उड़ान वाराणसी से सुबह 9.40 बजे से रवाना होकर 11.10 बजे कोलकाता पहुंचेगी। कोलकाता-गुवाहाटी उड़ान दोपहर 12.10 बजे रवाना होगी और 1.25 बजे गुवाहाटी में उतरेगी, जबकि वापसी की उड़ान गुवाहाटी से दोपहर 1.55 बजे रवाना होगी और रोजाना शाम 4.35 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

### एक्सप्रेस के बेड़े में 82 विमान

टाटा समूह की इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस 82 विमानों के बेड़े के साथ 380 से अधिक दैनिक उड़ानें संचालित करती है। इनमें 54 बोइंग 737 और 28 एयरबस ए 320 विमान शामिल हैं।

## देश का स्मार्टफोन बाजार 3.2 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में 2024 की दूसरी तिमाही में स्मार्टफोन बाजार में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 3.9 करोड़ इकाई पर पहुंच गया। बाजार अनुसंधान कंपनी इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन (आईडीसी) ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा, चीनी स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो का मात्रा के लिहाज से 16.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में दबदबा रहा।

- दूसरी तिमाही में 3.9 करोड़ इकाई पर

इसकी बिक्री सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत बढ़ी। 'सुपर प्रीमियम' खंड में एप्पल सबसे आगे रही, जिसमें 67,000 रुपये से अधिक कीमत वाले स्मार्टफोन शामिल हैं। इसकी बाजार हिस्सेदारी 83 प्रतिशत, जबकि सैमसंग की 16 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया, '' कुल मिलाकर, वीवो ने वाई सीरीज, मिड-प्रीमियम वी सीरीज और प्रमुख एक्स फोल्ड 3 प्रो के जरिये विभिन्न मूल्य खंडों में कई पेशकश के साथ लगातार दूसरी तिमाही में बढ़त जारी रखी। मोटोरोला ने विभिन्न मूल्य खंडों में उत्पाद खंड के आधार पर सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की।'' वीवो के बाद शाओमी 13.5 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही। रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग 12.9 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई, क्योंकि इसकी बिक्री में सालाना आधार पर 15.4 प्रतिशत की गिरावट आई है। 'आईडीसी वर्ल्डवाइड क्वार्टरली मोबाइल फोन ट्रैकर' के अनुसार, भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 2024 की पहली छमाही में 6.9 करोड़ स्मार्टफोन की बिक्री होगी।



### किफायती 5जी स्मार्टफोन पेश करने के प्रयास

आईडीसी के एसोसिएट उपाध्यक्ष (उपकरण शोध) नवकेन्दर सिंह ने कहा, "प्रवेश स्तर के प्रीमियम खंड (कीमत 6,700 रुपये से 33,500 रुपये) में अच्छी वृद्धि देखने को मिलेगी, जबकि एंट्री-लेवल खंड (कीमत 100 अमेरिकी डॉलर तक) में कम से कम इस साल चुनौती बनी रहेगी, भले ही किफायती 5जी स्मार्टफोन पेश करने के प्रयास किए जा रहे हों।

## सोना 500 रुपए मजबूत, चांदी स्थिर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख और घरेलू मांग में तेजी के बीच स्थानीय सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 500 रुपये की बढ़त के साथ 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा।

पिछले कारोबारी सत्र में शनिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 83,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी रही। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 500 रुपये मजबूत होकर 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। व्यापारियों ने सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय खुदरा विक्रेताओं के साथ-साथ आभूषण विक्रेताओं की बढ़ी मांग को दिया। विदेशी बाजार में सोना 1.30 डॉलर प्रति औंस की तेजी के साथ 2,502.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## सेंसेक्स 693 अंक टूटकर 79,000 अंक के नीचे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 700 अंक लुढ़क कर 79,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और आईटीसी में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

- निफ्टी में भी 208 अंक की गिरावट

इसके अलावा जिंस, बैंक तथा वित्तीय शेयरों में भारी नुकसान तथा शेयरों का मूल्यांकन अधिक होने को लेकर चिंता से बाजार में तेज गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 692.89 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,956.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 759.54 अंक तक नीचे आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 208 अंक यानी 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,139 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में 2,676 शेयर नुकसान में, 1,266 लाभ में रहे। 84 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक बाजारों में मिली-जुली धारणा के बीच घरेलू बाजार नुकसान में रहा। औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के ताजा आंकड़े विनिर्माण क्षेत्र में कमजोर वृद्धि का संकेत देते हैं।



### इन कंपनियों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में एचडीएफसी बैंक का शेयर तीन प्रतिशत से अधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड और जेएसडब्ल्यू स्टील भी नुकसान में रहे। इसके उलट लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, एचसीएल टेक, नेस्ले, सन फार्मा, रिलायंस और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।

## विप्रो में शीर्ष स्तर पर इस्तीफों का दौर जारी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) सुभा टाटावर्ती ने इस्तीफा दे दिया है। टाटावर्ती अप्रैल, 2021 में प्रौद्योगिकी प्रमुख के तौर पर विप्रो में शामिल हुई थीं। अपने तीन साल के कार्यकाल में उन्होंने विप्रो की जेनएआई पहल का नेतृत्व किया और विप्रो एआई360 की शुरुआत की। शेयर बाजार को सोमवार को दी गई सूचना के अनुसार, 'मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी सुभा टाटावर्ती ने विप्रो से बाहर अवसर तलाशने के लिए कंपनी से इस्तीफा दे दिया है।' टाटावर्ती ने विप्रो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनि पलिया को भेजे इस्तीफे में लिखा, '' मैं 16 अगस्त से विप्रो के सीटीओ पद से इस्तीफा दे रही हूं। आपको आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं।'' इसके साथ ही कंपनी के उच्च पदों पर लोगों का इस्तीफा देने का दौर जारी है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक थिएरी डेलापोर्ट के इस्तीफे और अप्रैल में पलिया के कंपनी से जुड़ने के बाद से पिछले चार महीने में शीर्ष स्तर पर यह चौथा इस्तीफा है।

- सीटीओ सुभा टाटावर्ती ने छोड़ी कंपनी

### ये अधिकारी भी दे चुके इस्तीफा

इससे पहले आईटी कंपनी के मुख्य आपूर्ति अधिकारी अजीत महाले, मुख्य परिचालन अधिकारी अमित चौधरी और एपीएमईए (एशिया प्रशांत, भारत, पश्चिम एशिया व अफ्रीका) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनीस चेन्चाह इस्तीफा दे चुके हैं।

## ईजमाईट्रिप के मुनाफे में 31 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच ईजमाईट्रिप प्लानर्स का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 33.93 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 25.90 करोड़ रुपये था। ईजमाईट्रिप प्लानर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 156.22 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान तिमाही में 126.64 करोड़ रुपये थी। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 109.03 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 91.56 करोड़ रुपये था। ईजमाईट्रिप के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निशांत पिट्टी ने कहा, '' ईजमाईट्रिप ने प्रासंगिक अवधि के दौरान अपनी लाभ-सीमा में वृद्धि को बनाए रखा, लाभप्रदता पर निरंतर ध्यान देने के साथ-साथ स्थिर परिचालन गति को जारी रखा है।




## एसयूवी मॉडल फ्रॉन्क्स का जापान को निर्यात शुरू

# मारुति ने ब्रांड इंडिया की छवि मजबूत की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के एसयूवी मॉडल फ्रॉन्क्स का जापान को निर्यात शुरू होने से वैश्विक मंच पर 'ब्रांड इंडिया' की छवि और मजबूत हुई है।

- वैश्विक मंच पर 'ब्रांड इंडिया' की छवि मजबूत

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने बयान में कहा कि फ्रॉन्क्स मॉडल की 1,600 से अधिक इकाइयों की पहली खेप गुजरात के पीपावाव बंदरगाह से जापान के लिए रवाना हुई है। फ्रॉन्क्स मारुति सुजुकी की जापान में पेश की जाने वाली पहली एसयूवी होगी।




### गुणवत्ता वाले उत्पादन पर जोर

गोयल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियों को लागू किया है। उन्होंने कहा, "स्थानीय स्तर पर विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन पर जोर देने से 'ब्रांड इंडिया' को वैश्विक स्तर पर एक नाम बनने में मदद मिली है।"

### मॉडल गुजरात संयंत्र में ही तैयार

कंपनी इस मॉडल को खास तौर पर अपने गुजरात संयंत्र में ही तैयार करती है। गोयल ने इस बारे में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "समय बदल रहा है। यह वास्तव में गर्व का क्षण है क्योंकि मारुति सुजुकी की 1,600 से अधिक 'मेड इन इंडिया' एसयूवी की खेप पहली बार जापान को निर्यात की गई है।"

### बलेनों के बाद फ्रॉन्क्स दूसरा मॉडल

वर्ष 2016 में बलेनो के बाद फ्रॉन्क्स मारुति सुजुकी का दूसरा मॉडल है जिसे जापान को निर्यात किया जा रहा है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा, जापान दुनिया में गुणवत्ता को लेकर सबसे सजग और उन्नत वाहन बाजारों में से एक है।

### फ्रान्क्स पिछले साल अप्रैल में हुई थी पेश

जापान को हमारा निर्यात मारुति सुजुकी की विश्वस्तरीय वाहनों का निर्माण करने की क्षमता का प्रमाण है।" मारुति ने फ्रान्क्स को पिछले साल अप्रैल में पहली बार पेश किया था। इसने बड़ी तेजी से लोकप्रियता हासिल कर ली और 10 माह के भीतर ही सबसे तेज एक लाख इकाई की बिक्री दर्ज करने वाली देश का पहला मॉडल बन गई।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु ने की प्रेस कान्फ्रेंस

# यूपी में दो लड़कों की ताकत क्या बढ़ी? अपराधी हो गए बेखौफ

*संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश में 'अपराधियों की स्थिति मजबूत' होने को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन किया।

उन्होंने कहा कि 'दो लड़कों' की राजनीतिक ताकत में जब से इजाफा हुआ है, उत्तर प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। उनका इशारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की तरफ था। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सपा पर अपराधियों को पनाह देने का आरोप लगाया और बलात्कार तथा बलात्कार के प्रयास के आरोप में उससे जुड़े दो लोगों की गिरफ्तारी को लेकर यादव नीत पार्टी पर निशाना साधा।

दुराचार में लोगों की गिरफ्तारी पर भी उठाए सवाल



### अपराधियों की हिम्मत और हिमाकत बढ़ी

त्रिवेदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के जो दो लड़के हैं, उनके साथ के जो लोग हैं वेगलती नहीं अपराध कर रहे हैं। जब से इन दो लड़कों की ताकत बढ़ी है तब से अपराधियों की हिम्मत और हिमाकत भी उसी अनुपात में बढ़ती हुई नजर आ रही है। ज्ञात हो कि राज्य में 2017 के विधानसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच गठबंधन के बाद दोनों की जोड़ी 'यूपी के दो लड़कों' के रूप में प्रसिद्ध हुई थी। हाल के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस गठबंधन ने भाजपा नीत राजग के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया था।

**आपराधिक तत्वों को ये समर्थन दे रहे**

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि सपा न केवल अपराधियों को कवर फायर प्रदान कर रही है, बल्कि विपक्षी इंडिया गठबंधन के सदस्य भी अपने गठबंधन सहयोगियों के आपराधिक तत्वों को बचाने में एक-दूसरे की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों का समर्थन करना समाजवादी पार्टी के डीएनए में है। उन्होंने एक मामले में आरोपियों का दोष साबित करने के लिए डीएनए परीक्षण की सपा की मांग पर तंज कसते हुए कहा कि अपराधियों के साथ खड़े होना यादव की पार्टी के 'डीएनए' में है।

### कोलकाता मामले में राहुल और प्रियंका चुप क्यों?

भाजपा नेता ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर उनके इस रुख के लिए भी निशाना साधा कि अगर स्थानीय पुलिस ने रविवार तक मामले का हल नहीं निकाला तो वह कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले को सीबीआई को सौंप देंगी। मामले की जांच तत्काल सीबीआई को सौंपने की मांग करते हुए त्रिवेदी ने सवाल किया कि क्या इसलिए इतना समय दिया जा रहा है ताकि मामले में हेरफेर किया जा सके। इन अपराधों पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा की 'चुप्पी' पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल ऐसे आपराधिक मामलों में पर्दा डालने का काम कर रहे हैं।

### कहां गया 'लड़की हूं लड़ सकती हूं...'

त्रिवेदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग कन्नौज और कोलकाता के मामले पर चुप क्यों हैं और कहां गईं प्रियंका गांधी जो कहती थीं कि लड़की हूं लड़ सकती हूं। त्रिवेदी ने यह भी कहा कि जब से 'यूपी में दो लड़कों' (अखिलेश यादव और राहुल गांधी) की शक्ति बढ़ी है, राज्य में अपराध का ग्राफ भी उसी अनुपात में बढ़ा है। त्रवेदी का इशारा लोकसभा चुनाव में यूपी में सपा व कांग्रेस को मिली जीत की तरफ था।

## खबर संक्षेप

### दल्लूपुरा में गिरी इमारत, मासूम की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली से फिर बिल्डिंग गिरने की घटना सामने आई है। दिल्ली के दल्लूपुरा में एक इमारत भरभराकर गिर गई, इसके नीचे 3 लोग दब गए। अजय किराए से रहते हैं। मलबे में दबे सभी 3 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टर ने 2 साल के मासूम को मृत घोषित कर दिया। मां कविता और बड़ा बेटा प्रिंस जो कि 6 साल का है, गंभीर हैं।

### हरियाणा में चुनाव जल्द ईसी ने जायजा लिया



**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द हो सकता है। हरियाणा विधासभा का कार्यकाल 3 नवंबर को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग को तीन नवंबर से पहले नई सरकार का गठन करना है। ऐसे में चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। कयासे हैं कि अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह चुनाव हो सकते हैं। 2.01 करोड़ मतदाता मत का प्रयोग करेंगे।

### बेकाबू कार नहर में समाई, 5 लोगों की मौत



**औरंगाबाद।** यहां के दाउदनगर में मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार सोन नहर में जा गिरी। हादसे के समय तेज आवाज को सुनकर लोग पहुंचे, लेकिन पता नहीं चला कि कार किधर चली गई। जब तक कार को पानी से निकाला जाता, कार सवार पांच लोगों की डूबने से मौत हो चुकी थी। 4 युवकों की उम्र 35 से 40 वर्ष के करीब बताई गई है।

### आतिशी ने एलजी की तुलना 'वायसराय' से की



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक कथित शराब घोटाले में जेल में बंद हैं।.स्वतंत्रता दिवस पर मंत्री आतिशी के झंडा फहराने की मांग को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने खारिज कर दिया गया है। मामले को लेकर आतिशी ने केंद्र और एलजी पर हमला बोला है। एलजी चुनी हुई सरकार को झंडा फहराने से रोक रहे हैं। दिल्ली में वाइसराय आ गए हैं।

### पिथौरागढ़-अल्मोड़ा बनेंगे नगर निगमः धामी



**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। वहीं, कई योजनाओं को मंजूरी मिली। बैठक में पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को नगर निगम बनाने का प्रस्ताव पास हुआ। पहाड़ों में पर्यटन उद्योग लगाने पर सब्सिडी देने की नीति में संशोधन किया गया है। साथ ही कई प्रस्तावों की स्वीकृति भी दी।

भाजपा ने देशभर में शुरू किया 'हर घर तिरंगा अभियान', गृहमंत्री शाह बोले

# आयोजन देशभक्ति और राष्ट्रीय पहचान की भावना को मजबूत करने का अहम माध्यम

*अहमदाबाद में गृहमंत्री शाह ने कार्यक्रम को दिखाई हरी झंडी, हर घर, दुकान पर लगाएं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में 'हर घर तिरंगा यात्रा' की शुरुआत की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को अहमदाबाद में भाजपा की 'हर घर तिरंगा यात्रा' को हरी झंडी दिखाई। अहमदाबाद नगर निगम की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ध्वज के प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव और एकता को बढ़ावा देना है और यह अहमदाबाद के विराटनगर क्षेत्र में शाम 4.30 बजे शुरू हुआ।

ये अभियान देशभक्ति और राष्ट्रीय पहचान की भावना को मजबूत करते हुए नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के व्यापक अभियान की पहल का हिस्सा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया है। इस दौरान केंद्र सरकार ने नागरिकों से हर घर, दुकान और दफ्तर पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया।



**मोदी ने की थी राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील**

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पार्टी के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की थी।28 जुलाई को 112वीं 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी भारतीयों से स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान में हिस्सा लेने का आह्वान किया था।

### केंद्रीय कानून मंत्री ने तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों के साथ फहराया तिरंगा



हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बाफना स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विधि एवं कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल रहे। मेघवाल ने शाला परिसर में ध्वजारोहण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की और राष्ट्र ध्वज के महत्व पर प्रकाश डाला। मेघवाल ने 3 हजार से अधिक विद्यार्थियों के साथ तिरंगा लहरा कर राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रबल किया।

धनखड़ ने दिल्ली में किया आयोजन

### विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को बढ़ाएं



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि हर घर तिरंगा अभियान विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह दिखाता है कि यह सदी भारत की सदी है। उन्होंने भारत मंडपम से तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने से पहले यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में यह बात कही। दिल्ली में मंगलवार से हर घर तिरंगा अभियान का आगाज हो गया। धनखड़ ने' बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राम मोहन नायडू किंजारापु, किरेन रिजिजू और मनसुख मंडाविया भी मौजूद रहे।

### देश विरोधी ताकतों को परास्त करने का संकल्प लें

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैं देश को सावधान करना चाहता हूं, मैं नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे ऐसी ताकतों, देश विरोधी ताकतों, खतरनाक मकसद वालों से बेहद सतर्क रहें। उनका एकमात्र उद्देश्य भारत को अस्थिर करना है, ताकि हमारी प्रगति बाधित हो। हर घर तिरंगा अभियान विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और दिखाता है कि यह सदी भारत की सदी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके मन में कोई संदेह नहीं है कि आज प्रत्येक भारतीय देश विरोधी ताकतों को परास्त करने का संकल्प लेंगे।

### देश के विकास को पचा नहीं पा रहे 'कुछ लोग'

धनखड़ ने कहा कि हमारे देश का विकास बेहद तेज गति से हो रहा है। कुछ लोग इसे पचा नहीं पा रहे हैं, वे अवरोध उत्पन्न करना और अस्थिरता लाना चाहते हैं। वे सोचते हैं कि अगर भारत इसी तरह आगे बढ़ता रहा तो निश्चित रूप से विश्व गुरु बन जाएगा। जो लोग अवरोध पैदा करते हैं, कहीं से कुछ भी बात उठ जाए उसको प्रामाणिक मानते हैं। उपराष्ट्रपति ने अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग के आरोपों की विपक्ष द्वारा जेपीसी जांच की मांग पर निशाना साधते हुए ये बातें कही।

महाराष्ट्र पर भड़के जस्टिस गवई

# चीफ सेक्रेटरी सीएम से करें बात बंद करा दूंगा लाडली योजनाएं

उचित मुआवजा नहीं देने पर लगाई फटकार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को एक मामले में उचित मुआवजा राशि नहीं देने पर कड़ी फटकार लगाई और कहा कि अगर निर्धारित समय पर राज्य सरकार ने जवाब नहीं दिया तो राज्य सरकार की योजनाओं को बंद करवा दिया जाएगा। दरअसल, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अदालत में महाराष्ट्र में सरकार द्वारा एक व्यक्ति की जमीन अवैध रूप से कब्जाने और उसका उचित मुआवजा नहीं देने के मामले में सुनवाई की।

इस मामले में राज्य सरकार ने करीब छह दशक पहले एक व्यक्ति की संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और इसके बदले में उसे वन भूमि आवंटित कर दी थी। पीड़ित व्यक्ति ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और उचित मुआवजे की मांग की थी।

### अधिग्राहित भूमि पर ढांचों को गिरवा देंगे

वरिष्ठ वकील ध्रुव मेहता इस मामले की पैरवी कर रहे थे। इस पर कोर्ट ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर राज्य सरकार जमीन खोने वाले व्यक्ति को उचित मुआवजा नहीं देती है, तो वह लाडली बहना जैसी योजनाओं को रोकने का आदेश देगी और अवैध रूप से अधिग्रहित भूमि पर बने ढांचों को गिराने का भी आदेश देगी। महाराष्ट्र सरकार का पक्ष रख रहे वकील से जस्टिस गवई ने कहा जमीन का मुआवजा कितना होना चाहिए? एक उचित राशि तय करअदालत को बताएं।

### मुआवजे पर उचित आंकड़ा पेश करें

जस्टिस गवई ने राज्य के वकील से सख्त अंदाज में कहा कि मुआवजा पर एक उचित आंकड़ा लेकर आइए। आप अपने मुख्य सचिव से कहिए कि वे सीएम से बात करें। वरना, हम राज्य सरकार की सभी योजनाओं को रोक देंगे। जस्टिस गवई ने हा कि हम अवैध कब्जे वाली जमीन पर बनाई गई संरचना को ध्वस्त करने का निर्देश देंगे, भले ही वह राष्ट्रीय हित में हो या सार्वजनिक हित में हो।

अडाणी मुद्दे पर आर-पार के मूड में कांग्रेस

## 22 अगस्त को देशभर में प्रदर्शन का किया ऐलान, सड़क पर भी उतरेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी मुदे पर कांग्रेस केंद्र सरकार से आर-पार के मूड में है। कांग्रेस ने अब इस मुदे को संसद से अब सड़क तक ले जाने का एलान किया है। कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन का एलान किया है।

दरअसल, हिंडनबर्ग ने सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच को लेकर रिपोर्ट जारी की थी। केंद्र सरकार विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। इसको लेकर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान किया कि कांग्रेस देशभर में 22 अगस्त को प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस ने



मामले को लेकर सेबी प्रमुख का इस्तीफा मांगा है। पार्टी जेपीसी जांच की भी मांग कर रही है। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महासचिवों, राज्य प्रभारियों और राज्य अध्यक्षों सहित कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं की एक बैठक बुलाई थी। बैठक में 56 नेताओं ने भाग लिया और उनमें से 38 ने कई बहुमूल्य सुझाव दिए।

अभिषेक और रुजिरा की याचिका

## मनी लांड्रिंग में 'सुप्रीम' फैसला सुरक्षित ईडी के समन को दोनों ने दी थी चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कथित भर्ती अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉनड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय के समन को चुनौती देने वाली टीएमसी नेता अभिषेक बेनर्जी और उनकी पत्नी रूजिरा बेनर्जी की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

बंगाल के स्कूलों में करोड़ों रुपए के भर्ती घोटाले में पैसे के लेन-देन की जांच के संबंध में अभिषेक कई बार ईडी के सामने पेश भी नहीं हुए हैं। ईडी ने अभिषेक की पत्नी रुजिरा से भी कई बार पूछताछ की है।



एडवोकेट जोहेब हुसैन ईडी की ओर से पेश हुए, जबकि वरिष्ठ एडवोकेट कपिल सिब्बल ने अभिषेक का प्रतिनिधित्व किया। हुसैन ने कहा कि जांच, समन विशेष कानून की तरफ से शासित होने चाहिए। दूसरा, तर्क यह दिया गया है कि धारा 50 शक्ति दे सकती है, लेकिन प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

## अमृत उद्यान में 'खुशबू'



नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में फूल खिले।

मौसम विभाग ने जारी किया राजस्थान में भारी बारिश का पूर्वानुमान

# स्कूलों को बंद करने का आदेश, रेड अलर्ट

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश से मंगलवार को भी कई जिलों में स्कूल बंद रहे। मौसम विभाग ने मंगलवार और बुधवार को भी कई इलाकों में भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

सीएम भजनलाल शर्मा ने दौसा, करौली और भरतपुर जिलों में भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किय। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, आज करौली जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर जलभराव और अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद विभागीय अधिकारियों की बैठक ली और कुशल आपदा प्रबंधन के लिए निर्देश दिया।

*सीएम ने कई जिलों का किया हवाई सर्वेक्षण*



### जयपुर, अलवर और झालावाड़ में ऑरेंज अलर्ट

मौसम केंद्र ने टोंक, करौली और दौसा जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' और जयपुर, अलवर, झालावाड़ सहित जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। मौसम केंद्र ने राज्य में बारिश का आंकड़ा जारी किया है। मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक बीते चौबीस घंटे में सबसे अधिक 163 मिलीमीटर बारिश दौसा के महवा में हुई। साथ ही अन्य जिलों में भी बारिश का अनुमान है।

**मीणा ने भी ली अधिकारियों की बैठक निर्देश दिए**

मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद किरोड़ी लाल मीणा भी आज एक्टिव नजर आए उन्होंने कई प्रभावित इलाकों का दौरा किया कर दौसा में अधिकारियों की बैठक ली। मौसम केंद्र जयपुर ने भरतपुर, जयपुर, अजमेर और कोटा संभाग के कुछ भागों में भारी और कहीं अति भारी बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है।

### *दिल्ली में बाढ़ का खतरा! यमुना खतरे के निशान के करीब*

*यमुना के तेजी से बढ़ते जलस्तर ने एक बार फिर दिल्लीवासियों के टेंशन बढ़ा दी है। राष्ट्रीय राजधानी में यमुना का जलस्तर चेतावनी स्तर के करीब पहुंच चुका है। इसके मद्देनजर लोगों को यमुना नदी के पास जाने या उसमें तैरने से मना किया गया है। निचले इलाकों में बकायदा मुनादी भी कराई जा रही है और लोगों को निचले इलाकों को खाली करने को कहा जा रहा है।*

अजित के बयान पर महाराष्ट्र में हलचल

## पत्नी सुनेत्रा को चचेरी बहन सुप्रिया के खिलाफ खड़ा करके बड़ी गलती की

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने माना कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को अपनी चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ खड़ा करके उन्होंने गलती की।

अजित ने 'जन सम्मान यात्रा' के दौरान मराठी समाचार चैनल जय महाराष्ट्र से कहा किव किसी को राजनीति को घर में घुसने नहीं देना चाहिए। इस साल लोकसभा चुनाव में सुनेत्रा ने बारामती सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन वे सुले से हार गईं। अजित ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं अपनी सभी बहनों से प्यार करता हूं। मैंने अपनी बहन के खिलाफ सुनेत्रा को मैदान में उतारकर गलती की। लेकिन (एनसीपी के) संसदीय बोर्ड ने यह फैसला लिया था। लेकिन अब मुझे लगता है कि यह एक गलत फैसला था। इस साल के अंत में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसी बीच वे राज्यव्यापी 'जन सम्मान यात्रा' पर निकले हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मोः 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)